संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 23 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 111 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



विश्व प्रसिद्ध चारधामों में से गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट शनिवार को अक्षय तृतीया पर मंत्रोच्चारण के साथ खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए।

## जल्द सलाखों के पीछे होगा अमृतपाल: शाह

**कड़ी नजर**

= गृह मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने अच्छा काम किया है और केंद्र ने सहयोग किया है



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को बेंगलुरु में कहा कि देश में खालिस्तानी लहर नहीं है और केंद्र स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। यह बात गृह मंत्री ने उस दौरान कही जब देश के हर कोने में फरार चल रहे खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को पकड़ने की कोशिश जारी है। गृह मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने अच्छा काम किया है और केंद्र ने सहयोग किया है।

**देश में नहीं खालिस्तानी लहरः** अमित शाह ने बेंगलुरु में कहा, "यहां खालिस्तान की कोई लहर नहीं है। कई बार, कुछ लोग कोशिश करते हैं, लेकिन सरकार ने अपना काम किया है। पंजाब सरकार ने अच्छा काम किया है और केंद्र ने समर्थन दिया है। हम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।"

**आपराधिक गतिविधियों को अंजाम नहीं दे रहा**

**अमृतपालः** अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी और लंबे समय से फरार होने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "कुछ मामलों में ऐसा हो जाता है। पहले वह खुलेआम घूमता था, लेकिन अब वह अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम नहीं दे सकता है।"

**उच्चायोग पर किसी हमले को बर्दाशत नहीं करेगी केंद्र सरकारः** केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भारतीय उच्चायोगों पर किसी भी प्रकार के हमले को बर्दाशत नहीं करेगी और भारतीय कानूनों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पंजाब में हाल ही में पुलिस कार्रवाई की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था।

**19 मार्च को लंदन में खालिस्तानियों ने किया था हंगामाः** अमित शाह ने पिछले महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग और यूके और सैन फ्रांसिस्को में वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले का जिक्र किया। इस साल 19 मार्च को खालिस्तान के बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने लंदन में उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में से एक उसकी बालकनी पर चढ़कर भारत के भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को नीचे खींच लिया था।

**कर्नाटक के लिए पीएफआई अहम मुद्दाः** बेंगलुरु में मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए, गृह मंत्री ने बताया कि कर्नाटक में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। साथ ही, उन्होंने कहा कि अब प्रतिबंधित संगठन के खिलाफ केंद्र की कार्रवाई के बाद लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### 'मलिक राज्यपाल थे, तब क्यों चुप रहे?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृह** मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और उनके समर्थन में बयान दे रहे विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा। आखिर सत्यपाल मलिक ने ऐसा क्या कहा था जिसपर जवाब देने के लिए खुद गृह मंत्री शाह को आगे आना पड़ा। सरकार के खिलाफ बयान देने के बाद क्या सीबीआई ने उन्हें समन भेजा है, इस पर शाह ने कहा, "ऐसा नहीं है। मेरी जो जानकारी है, उसके हिसाब से उन्हें दूसरी-तीसरी बार बुलाया गया है। जांच चल रही है। हमारे खिलाफ बोलने की वजह से उन्हें बुलाया गया है, ऐसा नहीं है।" शाह ने कहा, "...लेकिन आपको यह भी पूछना चाहिए कि हमसे अलग होने के बाद ही सब बातें क्यों याद आती हैं?



मुंबई में पुलिसवालों ने मुस्लिम लोगों को गुलाब का फूल देकर ईद की मुबारकबाद दी।

### साजिश थी लंदन में भारतीय-उच्चायोग पर खालिस्तानी हमला

**टीम एक्शन इंडिया/लंदन**
**लंदन** में भारतीय उच्चायोग पर 19 मार्च को खालिस्तान समर्थकों के हमले को एक महीने बीत चुका है। लंदन के वेस्टमिन्सटर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के बाद अब तक स्कॉटलैंड यार्ड (लंदन पुलिस) एक ही आरोपी को गिरफ्तार कर पाई, वो भी जमानत पर छूट चुका है। ब्रिटिश पुलिस के एक पूर्व अफसर ने बताया कि उच्चायोग पर हमला एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। कई हमलावर हथियारों से लैस भी थे, लेकिन इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई लचर ही रही है। स्कॉटलैंड यार्ड की लचर जांच के चलते भारत अपनी राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम को जांच के लिए लंदन भेजने का निर्णय कर चुका है।

## पंजाब के 4 शहीद जवान पंचतत्व में विलीन

**टीम एक्शन इंडिया/मोगा**
**जम्मू कश्मीर** के पुंछ में शहीद हुए पंजाब के चारों जवानों का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। लुधियाना, मोगा, बठिंडा और गुरदासपुर में जवानों को अंतिम विदाई देने के लिए जनसैलाब उमड़ा। चारों जगहों पर माहौल गमगीन रहा। गुरदासपुर के शहीदी जवान हरकृष्ण सिंह को उनकी डेढ़ साल की बेटी ने मुखाग्नि दी। गर्भवती पत्नी दलजीत कौर ने घुटनों के बल शीश नवाकर पति को अंतिम विदाई दी। वहीं मोगा के शहीद लांस नायक कुलवंत सिंह को उनके 3 महीने के बेटे ने मुखाग्नि दी। कुलवंत सिंह के पिता भी 24 साल पहले कारगिल जंग में शहीद हुए थे।



**पुंछ में शहीद गुरदासपुर के जवान का संस्कारः** गुरदासुपर के जवान हरकृष्ण सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बटाला एरिया के गांव तलवंडी भरथ निवासी हरकृष्ण सिंह को उनकी डेढ़ साल की बेटी ने मुखाग्नि दी। वहीं गर्भवती पत्नी दलजीत कौर ने घुटनों के बल शीश नवाकर पति को अंतिम विदाई दी। ये सब देख हर किसी की आंख नम हो गई।

### पीएसएलवी-सी55 से सिंगापुर के 2 सैटेलाइट की कामयाब लॉन्चिंग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार दोपहर 2:19 बजे पीएसएलवी-सी55 रॉकेट से सिंगापुर के दो सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च किए। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भेजे गए इस मिशन से TeLEOS-2 और LUMELITE-4 को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया गया। इस मिशन में इसरो का एक्सपेरिमेंटल प्लेटफॉर्म ढडएट भी भेजा गया। POEM अंतरिक्ष के वैक्यूम (निर्वात) में कुछ टेस्टिंग करेगा। यह PSLV की 57वीं उड़ान थी। POEM का पूरा नाम पीएसएलवी ऑरबिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल है। PSLV चार स्टेज वाला रॉकेट है। इसके तीन स्टेज तो समुद्र में गिर जाते हैं।

### 2024 क्यों, अब भी सीएम बनना चाहता हूं: अजीत पवार



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**एनसीपी** नेता अजीत पवार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें कुछ जरूरी काम था इसलिए एनसीपी की बैठक में शामिल नहीं हुए। हाल ही में भाजपा में जाने की अटकलों के लिए चर्चित रहे एनसीपी नेता और शरद पवार के भतीजे अजित पवार अब एक और बयान देकर सुर्खियों में हैं। पवार ने कहा कि 2024 ही क्यों, अब भी मैं सीएम बनने की ख्वाहिश रखता हूं। दरअसल पवार से मीडिया ने सवाल किया था कि क्या वह 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बड़े पद का लक्ष्य रख रहे हैं। पवार ने कहा कि हम धर्मनिरपेक्षता और प्रगतिशील होने के बारे में बात करते थे, लेकिन 2019 में कांग्रेस और एनसीपी ने सरकार बनाने के लिए शिवसेना के साथ गठबंधन किया।

### चंडीगढ़ में आईपीएल खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**चंडीगढ़** में आईपीएल के स्टार खिलाड़ियों की सुरक्षा में सेंध लगी। यहां जिस होटल में विराट कोहली समेत अन्य खिलाड़ी रुके हुए थे, वहां पर तीन हिस्ट्रीशीटरों ने भी कमरे बुक किए थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के हत्यारे गैंगस्टर दीपक टीनू का साथी भी शामिल है। इन आरोपियों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाना चाहते थे। पार्क थाना के एसएचओ रोहताश यादव ने कहा कि सट्टेबाजी वाले एंगल पर भी जांच की जा रही है। फिलहाल इन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। मामला 20 अप्रैल का है। गुरूवार को आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला गया था।

## 'राजीव गांधी जैसा होगा मोदी का हाल'



**टीम एक्शन इंडिया/त्रिवेंद्रम**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को केरल जाएंगे। उनके दौरे से पहले केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान मानव बम से हमले की धमकी दी गई है। लेटर मलयालम में है। इसमें कहा गया है कि मोदी का हाल राजीव गांधी जैसा होगा। बता दें कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदुर में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। सुरेंद्रन ने कहा, हमने पुलिस को धमकी भरा पत्र सौंप दिया है। चौंकाने वाली बात है कि इंटेलिजेंस की 49 पन्नों की एक खुफिया रिपोर्ट भी कुछ दिन पहले मीडिया में लीक हुई है। रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के नाम, उनकी भूमिका, पीएम के विस्तृत कार्यक्रम चार्ट सहित अन्य मामलों की डिटेल दी गई है। रिपोर्ट में राज्य में आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी ताकतों की उपस्थिति का उल्लेख किया गया है, जो चौंकाने वाला है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री को धमकी मिलना सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। पीएम मोदी 24 अप्रैल से केरल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे तिरुवनंतपुरम में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

**भाजपा मुख्यालय को 17 अप्रैल को मिला लेटरः** केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन के मुताबिक, उन्हें 17 अप्रैल को मिला लेटर केरल पुलिस को सौंप दिया है। इसे भेजने वाले का नाम एनार्कुलम निवासी जोसेफ जॉनी है।

## राहुल गांधी ने खाली किया सरकारी बंगला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने शनिवार को सरकारी बंगले की चाबी लोकसभा सचिवालय को सौंप दी। राहुल बंगले से अपना पूरा सामान शिफ्ट कर चुके हैं। ट्रकों में उनका सामान ले जाया गया। बंगला खाली करने की डेडलाइन की आखिरी तारीख को राहुल अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ दो बार बंगले पर गए। राहुल पहली बार अमेठी से 2004 में सांसद चुने गए थे। 2005 में उन्हें यह बंगला मिला था। तब से वे तुगलक रोड लेन स्थित इसी सरकारी बंगले में रह रहे थे।

**नई जगह की तलाश में हैं राहुलः** सूत्रों का कहना है कि राहुल अपने ऑफिस के लिए नई जगह की तलाश में हैं। फिलहाल, वे अपनी मां सोनिया गांधी के साथ उनके घर पर रह रहे हैं। राहुल ने शुक्रवार को बंगले से ज्यादातर सामान खाली कर दिया था। कुछ साल पहले, प्रियंका गांधी को भी एसपीजी सिक्योरिटी कवर हटने के बाद लोधी इस्टेट स्थित बंगले को खाली करना पड़ा था।

### बालाघाट क्षेत्र में 2 महिला नक्सली ढेर

**टीम एक्शन इंडिया/बालाघाट**
**मध्यप्रदेश** के नक्सल प्रभावित बालाघाट क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 3 बजे पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस ने दलम की एरिया कमांडर और गार्ड रहीं दो बड़ी महिला नक्सलियों को मार गिराया। दोनों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। बीते साल भी पुलिस ने 6 नक्सलियों को मार गिराया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुठभेड़ में शामिल जवानों की हौंसलाअफजाई की है।

**जिरह...** बेंच के दो जज मौजूद नहीं रहेंगे, सभी याचिकाकर्ताओं को इसी दिन दलीलें पूरी करनी थी

## सेम-सेक्स मैरिज, 24 अप्रैल को होने वाली सुनवाई टली




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेम-सेक्स** मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिका की सुनवाई से 2 जजों ने खुद को अलग कर लिया है, जिससे सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। देश में सेम-सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिका की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने टाल दी है। 5 जजों की बेंच में से दो जज जस्टिस संजय किशन कौल और रवींद्र एस भट 24 अप्रैल को होने वाली सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं रहेंगे, इसलिए चीफ जस्टिस ने सोमवार को होने वाली सुनवाई टाल दी। अगली सुनवाई के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं है। 20 अप्रैल को मामले की सुनवाई का तीसरा दिन था। कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं को कहा था कि वे सोमवार (24 अप्रैल) तक अपनी-अपनी बातें कोर्ट में रख दें, ताकि केंद्र और अन्य जवाबदेह पार्टियां अगले हफ्ते में अपना पक्ष रख सकें। इस दौरान सुनवाई किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई थी। 20 याचिकाओं की मांग पर 20 अप्रैल को करीब 4 घंटे तक याचिकाकर्ताओं की ओर से दी गई दलीलों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि क्या शादी के लिए दो अलग जेंडर वाले पार्टनर्स का होना जरूरी है? सेम सेक्स मैरिज पर केंद्र का पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखा था। सेम सेक्स मैरिज के पक्ष में लगाई गई याचिकाओं की पैरवी वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और मुकुल रोहतगी ने की थी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने की थी। तीसरे दिन की सुनवाई खत्म करते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने आगे बहस करने के लिए 13 वकीलों के नाम गिनाए थे।



# 'बुजुर्गों और जरूरतमंदों को अब बिना आवेदन मिल रही हैं पेंशन और मेडिकल बीमा की सुविधा'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राज्य सरकार की नई व्यवस्था के अनुसार बुढ़ापा पेन्शन, बीपीएल कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं पात्र लोगों को अपने आप मिल रही हैं। रेवाड़ी में विभिन्न गांवों के दौरे पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब बुजुर्ग की आयु 60 वर्ष होते ही परिवार पहचान पत्र के आधार पर उनकी बुढ़ापा सम्मान पेन्शन अपने आप शुरू हो जाती है। इसी तरह 1 लाख 80 हजार सालाना आय से कम वाले परिवारों का बीपीएल कार्ड भी अपने आप बनता है और बीते समय में राज्य में लगभग 6 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इन सुविधाओं के लिए जरूरतमंद लोगों को किसी सरकारी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है और ना ही किसी अधिकारी से फरियाद करने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने



शनिवार को रेवाड़ी जिले के बोहका गांव में एक जनसभा को संबोधित किया और वहां की तीन मुख्य सड़कों बोहका से मंदोला, बोहका से श्रीनगर और बोहका से गोमला की सड़कों का अगले 15 दिन में स्वीकृति देकर इन पर काम शुरू करने के आदेश दिए। बोहका गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया और गांव के प्रवेश द्वार से लेकर जनसभा स्थल तक ढोल नगाड़ों के साथ ले जाया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत से कहा कि गांव में लाइब्रेरी बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजे। उन्होंने कहा कि सरकार स्टेडियम

**8 अगले महीने किसानों के खातों में आ जाएगा फसल खराबे का मुआवजा: डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला**

की जगह व्यायामशाला के साथ कम्युनिटी सेंटर बनवा रही है ताकि ग्रामीणों को इसका दोगुना फायदा मिले।
डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कह कि पिछले साढ़े तीन साल में हमारा प्रयास रहा है कि सभी को व्यापक सुविधा मिले और इसके लिए सरकार ने गांव की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया हुआ है। ग्रामीण अपनी किसी भी प्रकार की समस्या और मांग को इस पोर्टल पर डाल सकते हैं ताकि सरकार को तुरंत इस बारे में पता चले और कार्यों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक तरीके से विकास कार्य करवा रही है जो टिकाऊ और बढ़िया हों। डिप्टी सीएम ने ग्रामीणों की मांग पर गांव में अगले सप्ताह पीपीपी को लेकर कैंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में कैम्प के माध्यम से परिवार पहचान पत्र में गलतियां दुरुस्त करवाने जैसे काम तुरंत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को कैसे मजबूत किया जाए, इसके लिए निरंतर प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए मंडी में फसल बेचने पर 48 से 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिये जाते है। उन्होंने कहा कि किसानों को और खुशहाल बनाने के लिए हमारा निरन्तर प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि इस बार बारिश के कारण किसानों की फसल में हुए नुकसान के लिए सरकार ने एक्शन लेते हुए 30 अप्रैल तक इसकी पूरी गिरदावरी करवाकर मई माह में मुआवजा किसानों के खाते में डालने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्क्रैप व्यापारी की गाड़ी का शीशा तोड़कर 2 लाख रुपये निकाले

## वापस आए तो टूटा मिला शीशा, उनके पास काम करने वाले मजदूरों को देने के लिए लेकर आए थे रुपये

**8 कुंडली बॉर्डर के पास लघुशंका को रुके थे व्यापारी, पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली बॉर्डर के पास खड़ी स्क्रैप व्यापारी की एक्सयूवी गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर दो लाख रुपये भरा बैग निकाल ले गए। पीड़ित व्यापारी गाड़ी खड़ी कर लघुशंका को गए थे। वापस आए तो चोरी का पता लगा। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुड़मंडी सोनीपत निवासी शशि भूषण जैन ने बताया कि वह दिल्ली में स्क्रैप का व्यापार करते हैं। वह अपने साथी विजय के साथ अपनी




एक्सयूवी गाड़ी में दिल्ली से सोनीपत आ रहे थे। उनके बैग में दो लाख रुपये, कागजात व लंच बॉक्स भी था। शशिभूषण ने बताया कि वह कुंडली बॉर्डर के पास पहुंचे तो उन्होंने लघुशंका जाने के लिए गाड़ी रोक ली। वह दोनों गाड़ी को लॉक कर लघुशंका करने चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो गाड़ी का पिछला शीशा टूटा हुआ मिला। गाड़ी से बैग गायब था। जिस पर उन्होंने मामले से कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुंडली थाना पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। जिससे चोरों का पता लगाया जा सके।

# बच्चों से नाममात्र वेतन पर 11 से 12 घंटे करवाया जा रहा था काम

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**ऑपरेशन** स्माइल के तहत गठित टीम ने बच्चों से नाममात्र वेतन पर घंटों काम करवाने के मामले गांव माजरा में दो दुकानों पर शनिवार को दबिश दी। जांच के दौरान टीम ने बताया कि इन दुकानों पर तीन बच्चों से 11 से 12 घंटे तक काम लिया जा रहा था और दुकानदार इन्हें नाममात्र वेतन देकर इनका शोषण कर रहे थे। पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस बारे सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में बचपन बचाओ आंदोलन के स्टेट कोर्डिनेटर पुनीत सहारण ने कहा है कि ऑपरेशन स्माइल के तहत उनहोंने लेबर इंस्पैक्टर कमलेश देवी जिला सिरसा व फतेहाबाद, बाल संरक्षण विभाग से सामाजिक कार्यकर्ता व आउटरिच वर्कर आशा व सवीना व एसआई महेन्द्र सिंह, रघुबीर सिंह, एएसआई अंकित कुमार के साथ गांव माजरा में दो दुकानों पर छापेमारी की। टीम ने माजरा के

**8 दुकानदार इन्हें नाममात्र वेतन देकर इनका शोषण कर रहे थे। दोनों दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है**

कृष्ण वस्त्र भंडार से 16 साल के बालक को काम करते पाया। यह बालक 4 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर पिछले 20 दिनों से सुबह 8:55 से रात साढ़े 8 बजे तक काम करता था। इसी दुकान पर एक 13 साल का बालक भी काम करते पाया गया। यह बालक सुबह 9 से रात साढ़े 8 बजे तक 4300 रुपये प्रतिमाह वेतन पर काम कर रहा था। इसके बाद टीम गांव के ही वाहेगुरू फास्ट फूड सैंटर पहुंची। वहां 16 साल का बालक सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक 3500 रुपये प्रतिमाह वेतन पर काम कर रहा था। बच्चों से कम वेतन पर अधिक समय तक काम करवाने पर पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# हरियाणा के कृषि मंत्री अफसरों पर भड़के



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** की 23 मंडियों में सरसों की आवक कम होने पर सूबे के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सख्त रुख अपना लिया है। उन्होंने इस लापरवाही के लिए मंडी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही रेवाड़ी और कोसली के मंडी सचिवों को बदलने के आदेश दिए हैं। कृषि मंत्री ने चेतावनी दी है कि मंडियों में सरसों की कम आवक के लिए जिम्मेदार किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।
**ऑयल मिलों का होगा फिजिकल वेरिफिकेशन:** कृषि मंत्री जेपी दलाल की सख्ती के बाद हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने ऑयल मिलों के फिजिकल वेरिफिकेशन के आदेश जारी कर दिए हैं। सूबे के चरखीदादरी, ऐलनाबाद, आदमपुर, रेवाड़ी सहित कई में ऑयल मिल में फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके साथ ही मंडियों में सरसों की आवक कम होने पर ऑयल मिलों में सरसों का स्टॉक भी चेक किया जाएगा।
**25 अप्रैल को देनी होगी रिपोर्ट:** हरियाणा के कृषि मंत्री ने ऑयल मिलों के फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए 24 अप्रैल तक का समय दिया है। सभी जोनल एडमिनिस्ट्रेटर्स को 25 अप्रैल तक ऑयल मिल की फिजिकल वेरिफिकेशन रिपोर्ट देने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा दादरी, कोसली, आदमपुर, पुनहाना, ऐलनाबाद की ऑयल मिलों पर भी अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

# किसानों के खेतों से ट्यूबवैल का सामान चोरी, अलग-अलग स्थानों से वारदातें आई सामने

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र में किसानों के खेतों बिजली की तारें, उपकरण सहित अन्य सामान के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। किसानों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव मनौली निवासी हरदत ने बताया कि किसी ने क्षेत्र में हमारे टयूबबैलो से बिजली की केबल चोरी की है।
टयूबबैलो के दरवाजे, ताले, बिजली के स्टार्टर आदि तोड़कर काफी नुकसान किया। रात 10.00 बजे टयूबबैल चलाने गए तो हमे नुकसान का पता चला।






# जामा मस्जिद में अदा की गई ईद की नमाज...

## लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर दी बधाई, ईदगाहों और मस्जिदों में शांति और खुशहाली के लिए की गई विशेष दुआ

**ईद मुबारकबाद....**

**= नए कपड़े खरीदे और खाने का सामना भी खरीदा। इसके चलते पुरानी दिल्ली के अनेक बाजारों में पूरा दिन भीड़ रही**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की जामा मस्जिद में ईद की नमाज के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। नमाज अदा करने ते बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला कल रात से ही शुरू हुआ। देश की राजधानी सहित देशभर में ईद मनाई गई।
**पवित्र** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अलविदा नमाज अदा की गई। लाखों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दोपहर में विभिन्न मस्जिदों में पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने देश में शांति एवं अमन चैन बने रहने की दुआ की और पैगंबर हजरत मोहम्मद की हिदायतों पर अमल करने का वादा किया। दूसरी ओर ईद की पूर्व संध्या पर जमकर खरीदारी भी की
पवित्र रमजान माह में 29 दिन से रोजा रख रहे मुस्लिम समुदाय के लोग शुक्रवार की दोपहर अलविदा नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में पहुंचे। जहां नमाज अदा करने के मद्देनजर विशेष प्रबंध किए गए थे। जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। दोनों मस्जिदों में नमाज अता करने के समय से काफी पहले ही नमाजी आने शुरू हो गए थे। ईद उल फितर शनिवार को मनाई जाएगी। उधर ईद की पूर्व संध्या पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी की।
उन्होंने ईद के अवसर पर पहनने के लिए नए कपड़े खरीदे और खाने का सामना भी खरीदा। इसके चलते पुरानी दिल्ली के अनेक बाजारों में पूरा दिन भीड़ रही।

### पुरानी दिल्ली की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई

**पुरानी** दिल्ली की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई है। दिल्ली की महत्वपूर्ण दरगाहों, दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया, दरगाह हजरत बख्तियार काकी रहमतुल्लाह अलेह, दरगाह ख्वाजा बाकी बिल्लाह, दरगाह हजरत शाह वालीउल्लाह मोहद्दिस देहलवी, दरगाह हजरत शाह अबुल खैर, दरगाह फैज-ए-इलाही में भी मुसलमानों ने पूरे अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की। पूर्वी दिल्ली के मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों सीलमपुर, जाफराबाद, मुस्तफाबाद, वेलकम, करावल नगर, शाहदरा, सीमापुरी, कर्दमपुरी, शास्त्री पार्क, गांधी मार्केट, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, मंडावली में जगह-जगह मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अआ की गई। जंगपुरा, भोगल, बस्ती हजरत निजामुद्दीन, जामिया नगर, अबुल फजल एनक्लेव, जाकिर नगर, ओखला, गोविंदपुरी, तिघड़ी, हमदर्द नगर, संगम विहार, तुगलकाबाद, बदरपुर, साकेत, हौज रानी जनकपुरी, सीतापुरी, कंझावला, किराड़ी, सुल्तानपुरी, जहांगीरपुरी, वजीराबाद, यमुना विहार आदि की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। गौरतलब है कि रमजान के एक महीने के रोजा रखने के बाद ईद का पर्व अल्लाह के जरिए मुसलमानों को दिए गए उपहार के तौर पर मनाया जाता है। ईद की नमाज अदा करने से पहले मुसलमान गरीबों को फितरा अदा करते हैं, ताकि वह भी ईद की खुशियों में बराबर से शरीक हो सकें।

# गोलीकांडः कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** साकेत कोर्ट ने गवाही के लिए आई महिला पर गोली चलाने वाले आरोपी कामेश्वर सिंह को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बीते दिन कोर्ट परिसर में आरोपी ने दिन दहाड़े वकीलों के बीच महिला पर एक के बाद एक चार गोलियां दागी थीं। फिलहाल, महिला अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज जारी है।
**आरोपी को मिली एक दिन की पुलिस रिमांडः**
दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार आरोपी कामेश्वर सिंह को गोलीकांड मामले में कोर्ट में पेश किया। इसके बाद कोर्ट रूम में मौजूद जज ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। अब पुलिस आरोपी से इस मामले को लेकर पूछताछ करेगी।
**क्राइम ब्रांच ने फरीदाबाद से आरोपी को किया था गिरफ्तारः**
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आरोपी को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने महिला और एक अन्य वकील के खिलाफ 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। 25 में से सिर्फ आरोपी को अभी तक 3 लाख रुपये का भुगतान किया गया था।

# संजय सिंह ने ईडी अधिकारियों को भेजा मानहानि का नोटिस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आ**दमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को मानहानि का नोटिस भेजा है। बताया जा रहा है कि संजय सिंह ने आबकारी नीति मामले के आरोपपत्र में 'फर्जी' तरीके से उनका नाम शामिल करने को लेकर ये नोटिस ईडी के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा और आबकारी घोटाले मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी जोगेंदर को भेजा है। संजय सिंह ने अधिकारियों से 48 घंटे के भीतर माफी मांगने को कहा है। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार करने के लिए भी उन्होंने कहा है। नोटिस में संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली आबकारी मामले में चार्जशीट में मेरा नाम झूठा डाला गया, जबकि किसी गवाह ने मेरा नाम ही नहीं लिया है। आप सांसद ने कहा कि मुझे बदनाम करने लिए एक षड्यंत्र के तहत ऐसा किया गया है। मेरे खिलाफ कहीं गवाह और सुबूत तक नहीं हैं फिर भी मेरा नाम आबकारी मामले में डाल दिया। षड्यंत्र के तहत ईडी ने मेरा नाम अपनी कंप्लेंट में डाला है।

# डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति के मामले में एलजी को सुप्रीम नोटिस

**जवाब तलब**

**= दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) पिछले चार महीनों से अध्यक्ष के बिना काम कर रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने डीईआरसी के अध्यक्ष पद पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस राजीव कुमार श्रीवास्तव को नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने में उपराज्यपाल (एलजी) की निष्क्रियता के खिलाफ दिल्ली सरकार की एक रिट याचिका पर नोटिस जारी किया। सुनवाई की अगली तारीख 28 अप्रैल तय की गई है। दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) पिछले चार महीनों से अध्यक्ष के बिना काम कर रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ को बताया कि एलजी को प्रस्ताव भेजे हुए चार महीने बीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि एलजी यह कहकर फैसले में देरी कर रहे हैं कि नियुक्ति करने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहमति की जरूरत है या नहीं, यह पता लगाने के लिए उन्हें कानूनी राय की आवश्यकता है। सिंघवी ने बताया कि विद्युत अधिनियम की धारा-84 (2) के अनुसार, नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति के मूल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श आवश्यक है। पीठ ने यह भी देखा कि उस प्रावधान में 'उस हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश' की अभिव्यक्ति का अर्थ उस हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से है जहां वह व्यक्ति न्यायाधीश थे। सीजेआई ने पिछले अध्यक्ष (जस्टिस शबिहुल हसनैन, इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश) की नियुक्ति में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में पूछा तो सिंघवी ने जवाब दिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श किया गया था।
सिंघवी ने कहा, डीईआरसी दिल्ली में है। केरल या इलाहाबाद से नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति के लिए क्या हमें दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से पूछना होगा? सीजेआई ने कहा, दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उन नामों को कैसे जानेंगे?
जिसके बाद पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी करने का निर्णय लिया।
**सिसोदिया ने 10 जनवरी को एलजी को लिखी थी चिट्ठीः**
दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उपराज्यपाल कार्यालय के साथ जारी खींचतान के बीच 10 जनवरी को सक्सेना को पत्र लिखकर डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति को तत्काल मंजूरी देने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इससे पहले डीईआरसी के अगले अध्यक्ष के रूप में जस्टिस (सेवानिवृत्त) राजीव श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दी थी।

# दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ ने डीसी टोली को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** कैपिटल्स के सीईओ धीरज मल्होत्रा ने नई दिल्ली में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टीम के आईपीएल 2023 मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स की आधिकारिक प्रशंसक सेना - डीसी टोली का आभार जताया। डीसी टोली ने स्टेडियम में विशेष रूप से दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैदान - अरुण जेटली स्टेडियम में कई वर्षों तक विद्युतीकरण का माहौल बनाया है, और हर मैच की आखिरी गेंद तक अपनी टीम का उत्साह बढाया है। डीसी टोली से बात करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ धीरज मल्होत्रा ने कहा, "हम आप सभी को आपके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

# 'एमसीडी चुनाव में किया वादा पूरा कर रही है केजरीवाल सरकार'

**वादे पर खरी**

**= किराए की व्यावसायिक संपत्तियों के यूज फैक्टर को 2 फीसदी से घटाकर 1.25 फीसदी कर दिया गया है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी (आप) ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव से पहले जो वादा किया था उसे पूरा कर रहे हैं। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में मेयर डॉ. शैली ओबरॉय के साथ शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि केजरीवाल की ओर से एमसीडी चुनाव के दौरान किया गया एक और वादा पूरा हो गया है।
व्यावसायिक संपत्तियों के कर को एमसीडी ने कम कर दिया है। किराए की व्यावसायिक संपत्तियों के यूज फैक्टर को 2 फीसदी से घटाकर 1.25 फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा कॉलोनियों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाकर और कॉलोनियों की श्रेणियों में बदलाव करके लोगों के भारी भरकम करों से राहत दी गई है। पांचवीं म्युनिसिपल वैल्यूएशन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने से दिल्ली वासियों को -01 अप्रैल 2023 से इसका लाभ मिलने भी लग गया है। सौरभ ने कहा कि इसके अलावा कॉलोनियों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं और कई कॉलोनियों की श्रेणियों में बदलाव लाया गया है। ओल्ड एज, होम बारातघर, सामुदायिक केंद्र, फार्म हाउस इन सभी के लिए अलग-अलग श्रेणी बनाई गई हैं। इसके अलावा किराए की जो संपत्तियां हैं उनके यूज फैक्टर को 2 फीसदी से घटाकर 1.25 फीसदी कर दिया गया है। इससे किराए की व्यावसायिक संपत्तियों को बहुत बडी राहत मिलेगी। बैंक्विट हॉल के यूज फैक्टर को घटाकर 06 फीसदी से 04 फीसदी भी कर दिया गया है। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर के यूज फैक्टर को घटाकर 03 फीसदी से 02 फीसदी कर दिया गया है। पीजी और हॉस्टल के यूज फैक्टर को 04 से घटाकर 02 फीसदी कर दिया गया है। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि इसके अलावा कॉलोनियों और सोसाइटियों को भी बहुत बड़ी राहत दी गई है।
कॉलोनी और सोसायटी 100 फीसदी वेट वेस्ट को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करेगी तो उनको भी 05 फीसदी की रियायत दी गई है। इससे लोगों के ऊपर टैक्स का भार कम किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार है।

# अदालत ने डीसीपी को आपत्तिजनक वीडियो पर तत्काल कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**आदेश**

**= "असत्यापित डीवीडी" के आधार पर नरेश के खिलाफ आरोप तय करना अदालत के लिए "मुश्किल" है**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की एक अदालत ने दंगों से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस उपायुक्त को एक आरोपी के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो को लेकर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत चार लोगों राहुल कुमार, सूरज, योगेंद्र सिंह और नरेश के खिलाफ आरोप के बिंदु पर आदेश के लिए तय मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिन पर एक दंगाई भीड़ का हिस्सा होने का आरोप लगाया गया है, उन्होंने 25 फरवरी 2020 को एक धार्मिक स्थल और नीचे मौजूद दुकानों में आगजनी की थी। न्यायाधीश ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि एक सार्वजनिक गवाह ने राहुल कुमार की पहचान की थी, जबकि सूरज और योगेंद्र की गवाही के संबंध में सीसीटीवी फुटेज थे। इसके अलावा नरेश के खिलाफ एक वीडियो भी था, जिन पर एक धार्मिक स्थल में आगजनी कर झंडा फहराने का आरोप है। न्यायाधीश ने पिछले सप्ताह पारित अपने एक आदेश में कहा- जब वीडियो को सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) को भेजा गया था तो यह कहते हुए रिपोर्ट प्राप्त हुई थी कि वीडियो विश्लेषक के सिस्टम में डीवीडी पहुंच योग्य नहीं थी और इसलिए कोई जांच नहीं की गई थी। एफएसएल रिपोर्ट को रास्ते में दर्ज किया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी नरेश की पहचान करने के लिए कोई अन्य गवाह नहीं था और यह "समझ से परे" है कि सीएफएसएल को भेजे जाने के बाद आपत्तिजनक वीडियो कैसे पहुंच से बाहर हो गया। अगर ऐसा था, तो जांच अधिकारी या स्टेशन हाउस ऑफिसर या सहायक पुलिस आयुक्त को उनकी राय के लिए एफएसएल को फिर से सही और सुलभ वीडियो भेजना चाहिए था और उसे दर्ज करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय आईओ ने दुर्गम वीडियो की एफएसएल रिपोर्ट के साथ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया।"
**बिना सबूत के आरोप तय करना मुश्किलः** अदालत ने कहा कि यह देखते हुए कि अदालत को उपलब्ध सबूतों के आधार पर आरोप तय करने हैं, उन्होंने कहा कि "असत्यापित डीवीडी" के आधार पर नरेश के खिलाफ आरोप तय करना अदालत के लिए "मुश्किल" है, लेकिन फिर भी, यदि वीडियो मौजूद है और यह एफएसएल द्वारा सत्यापित है तो यह आरोपी को शामिल कर सकता है।

# सुरेंद्र मटिलाया हत्या मामले में 2 किशोर समेत 6 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बिंदापुर थाना क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मटियाला की बदमाशों ने बीते दिनों गोलीमार कर हत्या कर दी थी। अब जानकारी आ रही है कि पुलिस ने इस मामले में 2 किशोर सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि द्वारका के बिंदापुर इलाके में भाजपा नेता की हत्या करने के मामले में दो किशोर सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। द्वारका के पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार हुए व्यक्ति की पहचान हरियाणा के झज्जर में रहने वाले योगेश के रूप में हुई है, जिसका भगोड़े गैंगस्टर कपिल सांगवान से संबंध का शक लगाया जा रहा है।
**आरोपित से हथियार हुआ बरामदः** पुलिस ने मुख्य आरोपी योगेश के पास से एक हथियार बरामद किया है, जबकि अन्य पांच के खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोप में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र मेन मटियाला रोड स्थित अपने कार्यालय में अपने एक स्वजन व कार्यालय सहायक के साथ बैठकर टीवी देख रहे थे।



## न्यूज फ्लैश

### जिला अंबाला में कई महीनों बाद आए कोरोना के 35 नए केस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में कोरोना ने एक बार फिर से अपनी रफतार तेज कर ली है। कोरोना के एक दिन में 35 नए मामले सामने आने से जहां स्वास्थ्य विभाग चिंतित है तो वहीं लोगों को भी सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। अंबाला शहर से कोरोना के 7 मामले, अंबाला छावनी से 1, चौड़मस्तपुर से 7, नारायणगढ़ से 4, शहजादपुर से 9, बराड़ा से 4 व मुलाना से 3 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि बीते कल भी 29 नए मामले सामने आए थे। इनमें सबसे ज्यादा 8-8 केस बराड़ा व मुलाना, 6 केस चौड़मस्तपुर, 5 केस अम्बाला सिटी व 2 केस नारायणगढ़ से मिले। वहीं, 11 मरीजों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया। आज 23 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अब तक करोना के जिले में 43,242 मामले सामने आ चुके हैं जबकि एक्टिव संख्या 165 है। 42,535 लोगों को ठीक होने के उपरांत छुट्टी भी दी जा चुकी है। लेकिन इस वर्ष कोरोना के इन 35 नए मामलों में स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी है। विभाग अधिकारियों ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा है कि कोरोना पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति मे कोरोना सक्रमण के लक्षण दिखाई दे तो वह तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच करवाएं। सरकार द्वारा कोरोना जांच पूरी तरह से निशुल्क है। उन्होंने कहा कि ऐसे में लोगों को चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग करने से परहेज न करें। वहीं यह भी पता चला है कि जिले में रोजाना लगभग 550 टैस्ट किए जा रहे हैं। मरीजों को होम आइसोलेट किया गया है। ओपीडी में खांसी जुकाम व बुखार के मरीज के भी टैस्ट करवाए जा रहे हैं। हरियाणा में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1348 नए मरीज मिले हैं। अब प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 5468 पहुंच गई है। संक्रमण दर बढ़कर 13.82 फीसदी पहुंच गई है। रिकवरी दर 98.48 और मृत्यु दर 1 प्रतिशत है। शुक्रवार को गुरुग्राम में 598, फरीदाबाद 159, हिसार 68, सोनीपत 32, करनाल 56, पंचकूला 59, अंबाला 29,पानीपत 17, सिरसा 25, रोहतक , जींद 89, 89, झज्जर 55, चरखी दादरी 21 कैथल 10, यमुनानगर 8, पलवल 7, फतेहाबाद 4, नूंहण्महेंद्रगढ़ में 1.1 नया केस मिला है। उधर प्रदेश में 68 मरीजों को अलगण्अलग अस्पतालों में दाखिल कराया गया। राहत की बात है कि अधिकतर मरीज दो से तीन दिन में ही ठीक हो रहे हैं और मरीजों को वेंटिलेटर की जरूरत नहीं पड़ रही है।

### सौहार्द के साथ मनाया गया ईद का त्योहार

**मथुरा : ईद का** त्यौहार शांतिपूर्ण, सौहार्द के साथ मनाया गया। इस दौरान एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। कस्बे के मांट रोड ईदगाह और मोहल्ला पठानपाड़ा हाफिज द्वारा ईद की नमाज कराई गई। जहां मुस्लिम भाइयो ने देश में अमन चैन और देश में खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद वहां मौजूद हिन्दू मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जगह जगह लोगों ने नमाजियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, कृष्णकांत अग्रवाल, अरविंद शर्मा, अखिल अग्रवाल, भूपेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य मुकेश चैधरी, कायम कुरैशी, जिलानी शाह, मुस्लिम चैधरी, नीरज अग्रवाल, रविकांत वर्मा, प्रवीन शर्मा, योगेंद्र शर्मा, शाहिद कुरैशी, कोमल सिंह चितोरिया, नरेश भट्ट, अनुज अग्रवाल, सरवन अहमद, सोनू शर्मा, खेलन विहारी, श्याममोहन वर्मा आदि ने बधाई दी है। राया मे ईद की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में क्षेत्राधिकारी महावन आलोक सिंह आदि मुस्तैद रहे।

### टाटा एआईए लाइफ फार्च्यून गारंटी पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड

**गुरुग्राम।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम) प्लान, टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्जन प्रस्तुत किया है। इस नए वर्जन में अधिक ज्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है। इस योजना के लाभ लेकर ग्राहक सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और चिंतामुक्त होकर अपनी जिन्दगी के सुनहरे पलों का आनंद ले सकेंगे। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि और बचत स्तरों में गिरावट ने आज देश के नागरिकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद की आय को एक प्रमुख चिंता का विषय बना दिया है। सेवानिवृत्ति बचत में कमी वर्ष 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना कर पाने के लिए, भारतीय उपभोक्ताओं को सेवानिवृत्ति के बाद अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता के सभी प्रावधान करना जरूरी है। टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन प्लान ग्राहक की जरूरतों और मांगों के अनुरूप विभिन्न प्रकार के गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करता है। यह योजना ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद अपने जीवन को चिंता मुक्त बनाने के लिए पर्याप्त बचत करने में मदद करती है। यह योजना विभिन्न प्रकार के ग्राहकों के लिए उपयोगी है, विवाहित पुरुष और महिलाएं जो अपनी वर्तमान जीवन शैली को भविष्य में भी बनाए रखना चाहते हैं, उनके लिए भी यह उपयुक्त है। यह छोटे और मध्यम उद्यमियों के लिए एक बहुत ही उपयुक्त विकल्प है जो अपने जीवन में एक वित्तीय सुरक्षा कवच बनाना चाहते हैं। टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स के मुख्य वित्तीय अधिकारी . समित उपाध्याय ने कहा, "सेवानिवृत्ति व्यक्ति के जीवन में एक नए अध्याय की शुरूआत है। नौकरी की जिम्मेदारियों की चिंता करने के बजाय खुद पर ध्यान केंद्रित करने का यह सबसे अच्छा समय होता है। हर व्यक्ति चाहता है कि सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए ताकि उनकी जीवनशैली उनके पास मौजूद धन पर निर्भर नहीं रहेगी।

# 'मिलजुलकर देश को खूबसूरत बनाएं'

## हम सभी को मिल जुलकर देश को खूबसूरत बनाने का संकल्प लेना चाहिए




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) ईद के** अवसर पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि ईद के शुभ अवसर पर आह्वान करते हुए कहा कि "हम सभी को मिल जुलकर देश को खूबसूरत बनाने का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि हमें दिन-रात मेहनत करते हुए देश को ऊंचाईयों पर ले जाना है"। विज सुबह अम्बाला छावनी के जामा मस्जिद में ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आज ईद का मुबारक दिन है और वह सभी को ईद की मुबारक देने के लिए उनके बीच हाजिर हुए हैं। उन्होंने कहा कि त्याग, तपस्या और अराधना के पूरे एक माह रमजान के बाद चांद का दीदार होने पर उस परम पिता परमात्मा का शुक्रिया अदा करने के लिए ईद का दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उस ईश्वर, परमात्मा व अल्लाह ने ताकत बख्शी है कि हर तरह की कठिनाईयों में रहते हुए भी रमजान के महीने को खुशी-खुशी सबने मनाया है। विज ने कहा कि आज यह दिन आया है जोकि खुशी का दिन है, मिलने का दिन है, झूमने और एक दूसरे से प्यार करने का दिन है। उन्होंने कहा कि "मीठी सेवईंया खाने और खिलाने और मीठी भाषा बोलने का दिन है, आज के दिन हम मुंह मीठा करें और मीठी बात करें"।

विज ने कहा कि वह चाहते हैं कि राम किशन कालोनी में जो स्कूल है, उसी के ऊपर छत डालकर धर्मशाला बनाकर दी जाए और निर्माण कार्य के लिए जितना पैसा लगेगा, वह देंगे। विज की इस घोषणा पर सभी ने उनका धन्यवाद जताया। इससे पहले, उनके जामा मस्जिद पहुंचने पर मस्जिद के ईमाम मौलाना मोहम्मद अगसर कासनी एवं अन्य द्वारा उनका स्वागत किया गया।

विज ने कहा कि हम सभी ने मिलकर इस हिंदुस्तान को बनाया है, इसमें कोई धर्म, जाति, कोई भाषा नहीं, कोई चित्र नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है कि यह देश अब पिछड़ा न रहे, यहां कोई कमी न रहे, यहां के लोगों की सभी जरूरतें पूरी की जा सके, लोगों को सब सुविधाएं मिलें। उन्होंने बताया कि हमारे से बाद जो देश आजाद हुए आज वह विकसित हो चुके हैं, मगर हमें अभी बहुत काम करना है। हमें यह काम सबको मिलजुल कर करना है और भारतीय बनकर करना है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर भगत सिंह मैत्री संस्था ने किया पौध वितरण



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
**विश्व** पृथ्वी दिवस पर भगत सिंह मैत्री संस्था के तत्वावधान में शनिवार को शहर के रेलवे रोड और नाहरा-नाहरी रोड के दुकानदारों को पौध वितरण किया गया। कुल 500 दुकानदारों को इंडोर प्लांट वितरित किये गए। पौध वितरण कार्यक्रम में क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन व वैश्य शिक्षण संस्थान की यूथ रेडक्रॉस क्लब की स्वयंसेविकाओं ने भी अपना योगदान दिया। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है, इसके बिना हम जीवन की परिकल्पना भी नहीं कर सकते।

विश्व पृथ्वी दिवस पर आइए, हम सब पृथ्वी को संतुलित एवं संरक्षित रखने के लिए बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लें।

## भक्तों के संकट दूर करते हैं भगवान परशुराम : शेखर यादव




**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
**भाजपा** नेता शेखर यादव ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हलके में कसार व आसौदा गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। भाजपा नेता शेखर यादव ने कसार गांव में जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम की विशाल मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शिरकत करते हुए विधिवत रूप से उनकी पूजा-अर्चना कर हलका वासियों की सुख व समृद्धि की कामना की तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कसार में आयोजित भगवान परशुराम की विशाल मूर्ति अनावरण व भण्डारा कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता शेखर यादव का आयोजकों ने पटके पहनाकर स्वागत किया तथा भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। भाजपा नेता शेखर यादव ने कसार व आसौदा गांव में आयोजित कार्यक्रमों में भगवान परशुराम को नमन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम सर्व जन हितकारी है। सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले भक्तों के सभी संकट भगवान परशुराम दूर करके भक्तों के जीवन व घर परिवार में सुख ,समृद्धि के भंडार भर देते हैं। भाजपा नेता शेखर यादव ने कहा कि भगवान परशुराम का नाम पहले राम था।

## मांगों को लेकर 26 को जिला स्तरीय प्रदर्शन करेगा भारतीय मजदूर संघ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला** अंबाला भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी और भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सभी विभागों के जिला अध्यक्ष जिला सचिव ने भाग लिया और बैठक की। इस बैठक में विभाग प्रमुख नरेश कुमार इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला मंत्री अंबाला भारतीय मजदूर संघ कवर पाल लिया कार्यालय प्रमुख भारतीय मजदूर संघ तरसेम सिंह ट्यूबल ऑपरेटर विभाग से हंसराज प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वजीत, विद्युत विभाग से नरेश कुमार रोहित कुमार और सुरेंद्र ,नगर निगम अंबाला अंजू बाला, सुरेंद्र सिंह, विनय कुमार ,सुखविंदर ,नगर परिषद अंबाला कैंट से सूरज कुमार, जगमाल, एम ई एस अंबाला अमनदीप, गुरजिंदर सिंह , राजेश कुमार और आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री राधा माधव कल्याण समिति ने किया पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**श्री राधा** माधव कल्याण समिति ने शनिवार को 12वें वार्षिकोत्सव पुस्तक वितरण समारोह तहसील कैंप के जट्टू राम मैहता चौक स्थित बिरादरी बारात घर में आयोजन किया। जिसमें अतिथियों के रूप में शहरी विधायक प्रमोद विज, पार्षद एवं समाजसेवी विजय जैन, शाम लाल कपूर, चन्द्रशेखर शर्मा व सन्नी मदान आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 10 प्राईवेट स्कूलों के 100 जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई। विधायक प्रमोद विज व पार्षद विजय जैन ने कहा कि सभी साधन संपन्न व्यक्तियों को इस तरह की सामाजिक संस्थाओं का सहयोग करना चाहिए ताकि समाज के हर गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने में किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। समिति के प्रधान हुकम चन्द मैहता ने आये हुये सभी अतिथियों, स्कूलों के अध्यापकों व अन्य गणमान्य लोंगों का समारोह में पहुंचने पर आभार जताया और समिति सदस्यों ने अतिथियों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा तहसील मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया, पार्षद अंजली शर्मा, पार्षद रविन्द्र नागपाल, विजय छाबड़ा, सतीश मैहता, बलदेव वासन, संजय मैहता, पंकज खुरसीजा, धर्मपाल चोपड़ा, चिमन लाल वर्मा, अशोक गुम्बर, कुसुम शर्मा, मीना ढीगढ़ा, मोना शर्मा, महक दीवान, लवली सेठी, विक्की खुराना, बलदेव अरोड़ा हनुमान, विजय मैहता, सुनील गांधी व विरेन्द्र तनेजा आदि मौजूद थे।

# अक्षय तृतिया पर निगम ने चाक चौबंद रखीं व्यवस्था

## अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्थाई बेरिकेटिंग कराई गई



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**नगर निगम मथुरा** वृन्दावन द्वारा अक्षय तृतीया एवं ईद पर्व के दृष्टिगत विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। ईद के दृष्टिगत शाही ईदगाह के साथ साथ नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी मस्जिदों के आस पास एवम संपर्क मार्गों पर विशेष सफाई, रंगीन चूना छिड़काव कराया। इसी के साथ नगर निगम के अधिकारियों द्वारा स्वयं निरीक्षण कर समस्त मस्जिदों के पास मार्ग प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया है। डीग गेट चौराहे पर लाइटिंग की गई है।

अक्षय तृतीया पर्व पर श्रीबांके बिहारी जी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पवनहंस हेलीपैड एवं हेलीपेड के सामने नगर निगम की भूमि पर अतिरिक्त अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल पर पेयजल, प्रकाश, टैंट की व्यवस्था की गई है। अस्थाई पार्किंग शुक्रवार से लेकर रविवार तक संचालित की जाएगी। हरी निकुंज से लेकर विद्यापीठ चैराहे तक अस्थाई बेरिकेटिंग कराई गई है। इसी के साथ विद्यापीठ चैराहे से लेकर श्री बांके बिहारी जी मंदिर गेट नंबर तीन तक जिला प्रशासन के सहयोग और निर्देश पर स्थाई बेरिकेटिंग कराई गई है। स्थाई बेरिकेटिंग में श्रद्धालुओं की सुविधार्थ मेटिंग बिछाई गई है। इसी क्रम में विद्यापीठ चैराहे से लेकर बांके बिहारी जी मंदिर तक श्रद्धालुओं हेतु जगह जगह शुद्ध पेयजल एवम ग्लूकोज की व्यवस्था की गई है। बिहारी जी मंदिर के संपर्क मार्गों पर एंट्री एवं एग्जिट के साइन बोर्ड लगवाए गए है। श्री बांके बिहारी जी मंदिर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रहे इस हेतु नगर निगम के क्षेत्रिय स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक की ड्यूटी लगाई है। कन्ही भी गंदगी पाई जाने पर तत्काल सफाई कराई जा रही है। नगर निगम द्वारा पूर्व में बनाए गए जूता घरों के साथ साथ मोबाइल लाउडस्पीकर द्वारा लगातार आवश्यक अनाउंसमेंट कराया जा रहा है।

## एरियल ने अपनी नई फिल्म 'सी द साइन्स # शेयर द लोड को लॉन्च किया

**फरीदाबाद।** भारत के बड़े डिटर्जेंट ब्रांड, एरियल ने साल 2015 में # शेयर द लोड शुरू किया था ताकि वे घरेलू कामकाज के समान बँटवारे के बारे में सार्थक बातचीत को बढ़ावा दे सकें और ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में पुरुषों को घरेलू कामकाज में हाथ बटाने के लिए प्रोत्साहित कर सकें। एरियल ने हाल ही में अपनी नई फिल्म 'सी द साइन्स # शेयर द लोड को लॉन्च किया। ब्रांड ने अपनी इस साल की मुहिम में लंबे समय तक असमान बँटवारे के शादी के रिश्ते पर पड़ने वाले प्रभाव को उजागर किया है, ताकि दंपति इसे समझें और घरेलू कामकाज में आज ही से हाथ बटाने लगें, ताकि उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे। एरियल की नई फिल्म सवाल उठाती है कि: " आपके वैवाहिक जीवन में आप एक साथ आगे बढ़ रहे हैं या अलग-अलग? घरेलू कामकाज के बँटवारे में असमानता को नजरअंदाज करने से कुछ दंपतियों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ रही है।

हाल में किए गए एक सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि, 74% महिलाओं ने घरेलू कामकाज को साझा करने के बारे में बात करना भी छोड़ दिया है। घरेलू कामकाज में जीवनसंगिनी का साथ देने से, दंपति के बीच में लगाव और खुशहाली को बढ़ावा मिल सकता है। सर्वेक्षण में शामिल 95% से अधिक दंपतियों का मानना है कि मिल-जुलकर घर का कामकाज करने से उनके रिश्ते में सुधार होगा। इस मौके पर श्री शरत वर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पी एंड जी इंडिया, और वाइस प्रेसिडेंट - फैब्रिक केयर, पी एंड जी, इंडियन सबकॉन्टिनेंट, ने कहा, "एरियल # शेयर द लोड की इस मुहिम के जरिए हम लोगों का घरेलू कामकाज के असमान बंटवारे की ओर नजरिए में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।

## जंडली के रामकरण की चेन चुराने वालों का नहीं लगा सुराग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**लक्ष्मी विहार** जंडली में मेडिकल स्टोर के मालिक से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में मेडिकल स्टोर के मालिक रामकरण शर्मा ने बताया कि बीती 12 अप्रैल को जब वह अपनी अपनी दुकान पर बैठा था और अपनी चेन को निकाल कर ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसकी दुकान पर एक लड़का आया और कुछ सामान मांगा। लेकिन इसी बीच वह सोने की चेन उठा कर वहां से अंपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो गया। रामकरण ने बताया कि एक लड़का कई दिनों से उससे सामान लेकर जाता है। पुलिस ने रामकरण की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ...तो मेयर व पार्षदों के घरों पर बांधेंगे दो-दो गौवंश: जोगिंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत शहर** में घुमने वाले बेसहारा गौवंश को पकड़ कर नैन गौ अभ्यारण में छोड़ने का अभियान नगर निगम के ठेकेदार सुभाष आर्य द्वारा एक दिन पहले ही शुरू किया गया है। इसके तहत रोजाना करीब 20 बेसहारा गौवंश को ठेकेदार की टीम द्वारा पकड़ कर गौ अभ्यारण में छोड़ा जाएगा। वहीं जन आवाज सोसाइटी के प्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद जोगिंद्र स्वामी ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पानीपत शहर में करीब दो हजार बेसहारा गौवंश घुम रहे है और रोजाना 10-20 गौवंश को पकड कर गौ अभ्यारण में छोड? से समाधान होने वाला नहीं है। ठेकेदार द्वारा जितने गौवंश को रोजाना पकड़ा जाएगा तो उतने ही गौवंश शहर में आसपास के क्षेत्रों से आते रहेंगे। इसलिये आज शहर को बेसहारा गौवंश से मुक्ति दिलाने के लिये स्थाई समाधन की जरूरत है। स्वामी ने आरोप लगाया कि उपायुक्त वीरेंद्र दहिया शहर में घुमने वाले बेसहारा गौवंश का स्थाई समाधान करना चाहते है लेकिन नगर निगम के कुछ जन प्रतिनिधि ही अपनी राजनीति चमकाने के चक्कर में इसमें बाधा बने हुए है। जोगिंद्र स्वामी ने कहा कि अजीजुलापुर बरसत रोड पर ही कई एकड़ जमीन गौचराण की पड़ी हुई है और उसके कुछ हिस्से में सामाजिक लोगों द्वारा एक गौशाला भी चलाई जा रही है। यदि गौचराण की भूमि को इस गौशाला से जोड़ दिया जाए तो वहां पर शहर में घुमने वाले कई हजार गौवंश को रखा जा सकता है।

# मेयर ने सीवरेज की समस्या का करवाया समाधान

## मौके पर ही सुपर सकर मशीन और 2 सक्शन ट्रैक्टर मंगवा कर दूषित जलभराव की करवाई निकासी और समस्या करवाई दूर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान ने शनिवार को वार्ड नं 11 में सारंग रोड का दौरा किया। मौके पर मौजूद स्थानीय दुकानदारों ने रोड पर सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण हो रही दूषित जलभराव की समस्या उनके सामने रखी। समस्या का संज्ञान लेते हुए मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही सक्शन ट्रैक्टर और सुपर सकर मशीन मंगवाकर पानी निकासी का कार्य करवाया।

इसके बाद मेयर निखिल मदान ने रेलवे फ्लाईओवर के नीचे से लेकर दयाल चौक तक डाली जा रही सीवरेज लाइन के कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नई सीवरेज लाइन में कल्याण नगर की तरफ से जल्द ही कनेक्शन शुरू किए जायेंगे जिसके बाद सीवरेज ओवरफ्लो समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। तब तक जल भराव की स्तिथि पैदा होने पर नगर निगम की तरफ से तुरंत प्रभाव से दूषित पानी की निकासी की जाएगी। इस बाबत उन्होंने निगम अधिकारियों को आदेश दे दिए हैं। समस्या का समाधान होने के बाद मौके पर इक्कठा हुए दुकानदारों ने मेयर निखिल मदान का आभार जताया। इस अवसर पर संजीव वलेचा,सत्यवीर निर्माण,हरीश मदान,मोहन कुमार,मार्केट प्रधान आनंद,हंसराज ,अमित,प्रवीन कुमार, सतपाल मिस्त्री, राजू सुखीजा,आनंद पटवा, दिनेश,अशोक गर्ग ,निगम कर्मचारी राजपाल, विनोद आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉ. एमकेके आर्य मॉडल स्कूल में अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन

**8 अग्नि को तुरंत नियंत्रित करने में सफलता हासिल की और उपयुक्त सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने में भी सफल रहे**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** शहर के माडल टाउन स्थित डॉ. एमकेके आर्य मॉडल स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों को अग्निशमन मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। इस मॉक ड्रिल में अमित गोस्वामी व दमकल विभाग के टीम अन्य सदस्यों ने दमकल विभाग की क्षमताओं का बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अग्नि को तुरंत नियंत्रित करने में सफलता हासिल की और उपयुक्त सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने में भी सफल रहे। इस मॉक ड्रिल में बच्चों को आग के प्रकार व अग्निशामक यंत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वहीं अमित गोस्वामी ने बताया कि मॉक ड्रिल अग्निशमन के लिए एक महत्वपूर्ण और जरूरी अभ्यास होता है। इसका मुख्य उद्देश्य अग्निशमन टीम को तैयार करना होता है जो आपदा के समय जब आग या दूसरी अग्नि संबंधी घरेलू अग्नि दुर्घटनाएं होती है तो यह अभ्यास किसी की जान-माल की रक्षा करने के काम आते है।

## संपादकीय

# अध्यात्म का उदार चिंतन

**परम** सत्ता तक पहुंचने के विविध मार्ग बताए गए हैं। यह उदार चिंतन केवल भारत में हुआ। हिन्दुओं के सभी पंथ और उपासना पद्धति के प्रति सम्मान रखिए। इनका सांस्कृतिक सूत्र एक है। भारत में समय-समय पर संतों ने समरसता का ही संदेश दिया। अपने को एक मात्र श्रेष्ठ मानने का विचार भारतीय चिंतन में कभी नहीं रहा। वैदिककाल में कर्म आधारित व्यवस्था थी। ऐसे भी उदाहरण है जब ऋषि ने अपने पुत्र को ही ब्राह्मण नहीं माना था। स्वामी दयानन्द, स्वामी विवेकानंद और आचार्य श्रीराम शर्मा ने वैदिक आधार पर आडम्बर दूर करने के प्रयास किए। इन्होंने गायत्री मंत्र साधना का सबको अधिकार दिया। यह वैदिक अवधारणा है। यह हिन्दू दर्शन की विशेषता है। हमारे ऋषि कहते हैं मेरा चिंतन जहां तक गया, उसे प्रकट किया। लेकिन यह अंत नहीं है। प्रश्न और जिज्ञासा हिन्दू चिंतन की विशेषता है। समय समय पर संतो महापुरुषों ने समाज को जागरूक किया। ऐसे सभी लोगों का सम्मान करिए। उनसे सहमति असहमति हो सकती है। लेकिन इन सभी लोगों ने अपने-अपने ढंग से सामाजिक समरसता का ही संदेश दिया। परिस्थितियों और आस्था के अनुरूप जितना सम्भव हो, उतने का पालन करिए। माता-पिता के जीवनकाल में उनकी सेवा करिए। समाज और राष्ट्र के हितों के प्रतिकूल आचरण नहीं होना चाहिए। सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। बंधुत्व शब्द हिंदुत्व की भावना के अनुरूप है। इस दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म,खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व सन्देश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है। यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्म संयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत ने दूसरे देशों की सहायता करता रहा है, क्योंकि यहीं हमारा विचार है। समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था,तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किए। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है, जिसने सभी पंथों को सम्मान दिया।

# पाक पहले आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें



अशोक भाटिया

> "इसके अलावा कश्मीर में जारी आतंकवादी घटनाओं पर लगाम लगने तक भारत पड़ोसी मुल्क के साथ कोई रिश्ता नहीं बनाना चाहता है। क्योंकि घाटी में होने वाले तमाम आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के सबूत मिलते हैं। पाकिस्तान-भारत की दोस्ती इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि पाकिस्तान लगातार 370 को बहाल करने का जिक्र करता आया है। पाकिस्तान ने अब तक कश्मीर राग अलापना नहीं छोड़ा है। पाकिस्तानी मंत्रियों और सरकार की तरफ से पिछले दिनों ये बयान सामने आए थे कि जब तक कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले आर्टिकल 370 को वापस नहीं लिया जाता, तब तक भारत से एक मंच पर बात नहीं होगी। हालांकि अब गोवा में होने वाली रउड बैठक में ये देखना दिलचस्प रहेगा कि पाकिस्तान कश्मीर का जिक्र करता है या नहीं"

**पुंछ में** आतंकी हमले से भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध खराब होने और पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की यात्रा प्रभावित होने की संभावना है। हालांकि, गोवा में एससीओ की बैठक में अभी दो हफ्ते बाकी हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को हुए आतंकी हमले ने यात्रा के मिजाज पर सवालिया निशान लगा दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध तत्काल मरम्मत से परे तनावपूर्ण प्रतीत होते हैं, जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश के बाहर अक्सर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों की वजह से भारत ने अब पाकिस्तान पर विश्वास करना बंद कर दिया है। लिहाजा, द्विपक्षीय संबंधों पर आतंकी हमलों का असर साफ दिखाई दे रहा है। इससे पहले भी भारत और पाकिस्तान के बीच नियोजित शांति वार्ता 26/11 के मुंबई हमलों के बाद ठप हो गई थी जिसमें कम से कम 179 लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने उस घातक हमले को अंजाम दिया था। जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में 2019 के आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध गंभीर रूप से तनावपूर्ण हो गए थे, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा कम से कम 40 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। जवाबी कार्रवाई में भारत ने बालाकोट में आतंकी कैंपों पर सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक की थी। भारत ने उसके बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया, दिसके बाद दोनों देशों के संबंधों में और गिरावट आई। जम्मू और कश्मीर में हुए सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक, पुलवामा हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान को दिया मोस्ट-फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले लिया। वहीं, ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने भी पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी अभिनेताओं और कलाकारों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। बिलावल भुट्टो के आने की खबर के बाद ऐसे कयास लगाए जाने लगे थे कि शायद इससे भारत-पाक संबंधों पर जमी बर्फ पिघल जाएगी। पाक का आवाम भी इस समय यही चाहता है कि पाकिस्तान और भारत के संबंध सामान्य हो जाएं। लेकिन पाक प्रायोजित आतंकियों ने हमला कर सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इतिहास



गवाह है कि जब भी भारत और पाकिस्तान में शिखर वाताओं का दौर हुआ, पाकिस्तान में बैठे आतंकी संगठनों ने हिंसक वारदातें कर इन वाताओं को विफल कर दिया। हालांकि आर्थिक मोर्चे पर बुरी तरह पस्त हो चुके पाकिस्तान के लिए अब भारत का साथ काफी जरूरी हो गया है। यही वजह है कि पाकिस्तान सरकार की तरफ से कई बार भारत के साथ बातचीत का जिक्र किया जा रहा है। इतना ही नहीं अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की भारत यात्रा को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। साल 2014 के बाद ये पहला मौका है जब कोई पाकिस्तानी मंत्री भारत की धरती पर कदम रखेगा। यहां वो विदेश मंत्रियों की रउड बैठक में हिस्सा लेंगे। दरअसल पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज बलूच ने बताया कि आने वाली 4 और 5 मई को होने वाली शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (रउड) बैठक में विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें न्योता दिया था, जिसे स्वीकार कर वो भारत दौरे पर जाएंगे। विदेश मंत्रियों की ये बैठक गोवा में होने जा रही है। अब करीब 9 साल बाद पाकिस्तान का कोई बड़ा नेता भारत आ रहा है, इसीलिए इसे कई नजरिए से देखा जा रहा है। साल 2014 में पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ पहुंचे थे, इसके बाद से पाकिस्तान का कोई मंत्री या नेता भारत नहीं आया। बताया जा रहा है कि चीन और रूस की तरफ से शुरू किए गए इस फोरम में पाकिस्तान अपनी मौजूदगी को दिखाना चाहता है। इस फोरम का उद्देश्य क्षेत्रीय शांति और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का है। इसीलिए पाकिस्तान इस मौके पर गंवाना नहीं चाहता था। पाकिस्तान चाहेगा कि भारत के साथ इस मौके पर द्विपक्षीय बातचीत हो। भले ही पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि भारत के साथ रिश्ते सुधारे जाएं और ट्रेड को और ज्यादा मजबूत किया जाए, लेकिन इस पर भारत का रुख अब भी साफ है। भारत का साफ कहना है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक कोई बातचीत नहीं होगी। इसके अलावा कश्मीर में जारी आतंकवादी घटनाओं पर लगाम लगने तक भारत पड़ोसी मुल्क के साथ कोई रिश्ता नहीं बनाना चाहता है। क्योंकि घाटी में होने वाले तमाम आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के सबूत मिलते हैं। पाकिस्तान-भारत की दोस्ती इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि पाकिस्तान लगातार 370 को बहाल करने का जिक्र करता आया है। पाकिस्तान ने अब तक कश्मीर राग अलापना नहीं छोड़ा है। पाकिस्तानी मंत्रियों और सरकार की तरफ से पिछले दिनों ये बयान सामने आए थे कि जब तक कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले आर्टिकल 370 को वापस नहीं लिया जाता, तब तक भारत से एक मंच पर बात नहीं होगी। हालांकि अब गोवा में होने वाली रउड बैठक में ये देखना दिलचस्प रहेगा कि पाकिस्तान कश्मीर का जिक्र करता है या नहीं। अगर पाकिस्तान ने कश्मीर का जिक्र नहीं किया तो दोनों देशों के बीच इस मंच से दोस्ती की शुरूआत हो सकती है। हालांकि इसके काफी कम ही आसार दिख रहे हैं। कुछ विदेशी मामलों के जानकारों का ये भी कहना है कि पाकिस्तान लगातार आर्थिक तौर पर बर्बाद हो रहा है, ऐसे में वो कुछ वक्त के लिए कश्मीर मुद्दे को किनारे रख भारत से बातचीत का रास्ता अपना सकता है। भारत से तमाम तरह का व्यापार पाकिस्तान की इकोनॉमी को सुधारने का काम कर सकता है। वहीं कुछ जानकार ये भी मानते हैं कि पाकिस्तान कश्मीर पर अपना स्टैंड कभी नहीं बदल सकता है, क्योंकि वो हर बड़े मंच पर इस मुद्दे को उछालकर मौके का फायदा उठाता है। ऐसे में पाकिस्तान रउड बैठक का भी कश्मीर मुद्दे के लिए एक मंच की तरह इस्तेमाल कर सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के भारत दौरे को लेकर चीन की तरफ देखना भी जरूरी है। क्योंकि रउड चीन की तरफ से शुरू किया गया एक मंच है, ऐसे में वो हर बैठक को सफल बनाने की कोशिश करता है। इसीलिए माना जा रहा है कि चीन की तरफ से भी पाकिस्तान को इस बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया हो। ये भी कहा जा रहा है कि चीन इस मंच से भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्तों को सुधारने की कोशिश कर सकता है। चीन वैश्विक मंच पर खुद को बेहतर बनाने के लिए लगातार ऐसी कोशिशें कर रहा है, इससे पहले चीन ने दो कट्टर दुश्मनों ईरान और सऊदी अरब के बीच समझौता कराया था। हालांकि इस पर भारत और पाकिस्तान का रुख देखना जरूरी होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को उनके अटपटे बयानों को लेकर जाना जाता है। भारत को लेकर भुट्टो कई बार जहर उगल चुके हैं। हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उनके बयान पर खूब बवाल हुआ था।

उन्होंने अमेरिका में ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए कहा था - "मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा मर चुका है, लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है। जो भारत का प्रधानमंत्री है। जिनकी एंट्री पर अमेरिका ने बैन लगा दिया था।" भुट्टो के इस बयान के बाद जमकर प्रदर्शन हुए थे और भारत ने इसकी कड़ी निंदा की थी।

## कविता

### पृथ्वी बची रहे

मैं चाहता हूं पृथ्वी
बची रहे
और बची रहे मिट्टी
आग
नदिया
चिड़िया
झरने
पहाड़
हरे हरे पेड़
रोटी
चावल
मक्का
बाजरा
समंदर
पुस्तकें
मनुष्य के लिए
जी बची रहे
पृथ्वी भी
मनुष्य के लिए
बचा रहे मनुष्य
मनुष्य के लिए
बची रहे
स्त्री की कोख
नन्हीं बच्चियों
के लिए जो
आने वाली
कई पीढ़ियों को
बचा सके
मनुष्य के लिए
पृथ्वी के लिए,
और बची रहे
मानवता
नन्ही बच्चियों
चिड़ियों
फूल पत्तियों
और कलियों
के लिए।

संजीव ठाकुर

# जनसंख्या-अवसर और चुनौतियों के बीच भारत

डॉ.वेदप्रकाश

**भारत** सर्वाधिक जनसंख्या का स्थान पा चुका है। इसका परिणाम जहाँ एक ओर अवसर के रूप में दिखाई दे रहा है वहीं दूसरी ओर यह बहुत बड़ी चुनौती भी है। यह सत्य है कि जन ही किसी राष्ट्र की मजबूत नींव होते हैं। सभी को बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, ज्ञान- विज्ञान एवं तकनीकी साधनों का विकास, स्वावलंबन, समृद्धता, शांति और आपसी सद्भाव आदि अनेक ऐसे पैमाने हैं जो किसी राष्ट्र को विकसित बनाते हैं। किंतु जनसंख्या की अधिकता न्यूनाधिक रूप में समस्याओं का कारण भी बनती है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र वैश्विक जनसंख्या रिपोर्ट-2022 जारी की गई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार अब भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो गई है जबकि दूसरे स्थान पर चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है और तीसरे स्थान पर अमेरिका की जनसंख्या 34 करोड़ है। सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में आयु वर्गों की हिस्सेदारी के अनुसार 0 से 14 वर्ष के 25%। 10 से 19 वर्ष के 18%। 10 से 24 वर्ष के 26%। 15 से 64 वर्ष के 68% और 65 से अधिक वर्ष के 7% है। आयु वर्ग की हिस्सेदारी के प्रतिशत जानने के साथ-साथ आज यह भी आवश्यक है कि इसमें लिंग, उनकी शिक्षा, स्त्री-पुरुषों की औसत आयु, उनके स्वास्थ्य की स्थिति,उनको उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की स्थिति,रोजगार के अवसर आदि आधारों पर भी इस जनसंख्या का विश्लेषण किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की स्टेट ऑफ द वर्ल्ड पापुलेशन रिपोर्ट-2023 के अनुसार भारत के राज्यों में आयु के हिसाब से आबादी का बंटवारा अलग अलग है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों की अधिकांश जनसंख्या युवा है जबकि केरल और पंजाब में सबसे अधिक बुजुर्ग बसते हैं। भारत में जीवन प्रत्याशा महिलाओं के लिए 74% और पुरुषों के लिए 71% है। यहाँ सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश और बिहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ साथ चिंतनीय यह भी है कि केरल और पंजाब के सर्वाधिक युवा विदेश का रुख कर चुके हैं। यदि उत्तर प्रदेश और बिहार पर समुचित रूप से केंद्रित नीतियां नहीं बनी तो वहाँ के युवा भी पलायन कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक जनसंख्या संभावनाएं- 2022 रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की आबादी 166.8 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इन आंकड़ों को हमें गंभीरता से लेना होगा। भारतवर्ष विश्व का एकमात्र ऐसा देश है जहाँ सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं भौगोलिक दृष्टि से विविधता है। भिन्न भिन्न प्रकार की विविधताओं में अनेक चुनौतियां भी हैं। हमें समय से उन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आज बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुरूप बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और वितरण एक बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्य, शिक्षा,सुरक्षा, खाद्यान्नों की उपलब्धता, पेयजल की उपलब्धता, यातायात के साधन आदि अनेक ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु हैं जिन पर आज भी हम बहुत पीछे हैं।

## विचार

# विवादों के घेरे में केन्द्रीय जांच एजेंसियों की कार्यवाही

डा. भरत मिश्र प्राची

**देश** में कालाधन पर अकुंश लगाने , भ्रष्टाचार मिटाने एवं अनियंत्रित हो रही अर्थ व्यवस्था को सही पटरी पर लाने की दिशा में सकरात्मक कदम उठाने हेतु असामाजिक तत्वों द्वारा बेशुमार एकत्रित की गई बेनामी धन दौलत की जांच एवं धर पकड़ कर कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने हेतु केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गठन किया गया जिसका रूप एवं विस्तार समय - समय पर परिवर्तित होता रहा । प्रारम्भ में भ्रष्टाचार निवारण हेतु 1962 -1964 के बीच संथानम समिति की सिफारिश पर भारत सरकार के गृहमंत्रालय के प्रस्ताव के माध्यम से 1963 में केन्द्रीय जांच ब्यूरो अर्थात सीबीआई की स्थापना की गई। आज अर्थ अपराध की जांच हेतु देश में सीबीआई से लेकर आयकर , प्रवर्तन निदेशालय कार्यरत है। आये दिन इनके छापे की दास्तानें खबरों के मुख्य केन्द्र बिन्दु बने हुये है ।
जहां सत्ता पक्ष इसे कानूनी प्रक्रिया बता रहा है तो विपक्ष इसे सत्ता पक्ष के पावर का दुरूपयोग होते बता रहा है। इस तरह के हालात के बीच देश की केन्द्रीय जांच एजेंसिया अपना दायित्व निभा रही है। इस प्रक्रिया में जांच के दायरे में सर्वाधिक रूप से विपक्ष के आने से जांच एजेंसियों पर सत्ता पक्ष के इसारे पर एकतरफा कार्यवाही किये जाने का भी आरोप जांच एजेंसियों पर लग रहा है।

इस मामले को लेकर कांग्रेस सहित विपक्ष में खड़े देश के 14 राजनीतिक दलों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी दायर की जा चुकी है। याचिका दायर करने वालों में कांग्रेस सहित देश के प्रमुख विपक्षी राजनीतिक दल तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, डीएमके, आरजेडी, राष्टवादी कांग्रेस पार्टी, शिव सेना, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जदयू, सीपीएम,, सीपीआई, समाजवादी पार्टी, कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख हैं । फिलहाल जांच एजेंसियों की जांच प्रक्रिया के तहत विपक्ष के कई चर्चित चेहरे जेल की सलाखों में बंद है। कई पर जांच प्रक्रिया चल रही है। विपक्ष का आरोप है कि जब जब भी चुनाव नजदीक आता है विपक्ष को कमजोर करने के लिये सत्ता पक्ष के इसारे पर जांच एजेंसिया सक्रिय हो जाती है। जो सत्ता पक्ष से हाथ मिला लेता वह जांच प्रक्रिया से परे हो जाता है। जो अड़ा रहता वह पकड़ा जाता। भ्रष्टाचार पर अकुंश लगना ही चाहिए। आज देश के सभी राजनीतिक दलों के सर्वाधिक राजनेताओं के पास बेसुमार धन दौलत है। जिनकी जांच होनी हीं चाहिए पर जांच सबकी होनी चाहिए। जांच प्रक्रिया में जांच एजेंसियों की यदि कार्यवाही में एकतरफा दृष्किोण नजर आता है तो जांच एजेंसियों की कार्यवाही पर उंगुली उठना स्वाभाविक है। इसे सत्ता का दुरूपयोग माना जा सकता जो लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं।

देश में भ्रष्टाचार मौलिक अधिकार बनता जा रहा है। देश का हर सरकारी महक्मा इससे अछूता नहीं है। रेल में सफर करना हो या बस में, जमीन का पट्‌टा लेना हो या बेचना हो, गाड़ी चलाने के लाईसेंस बनवाने हो या पंजीकरण के कागजात पाने हो , चक्कर से बचने के लिये सभी जगह सुविधा शुल्क चुकाने पड़ते है। कोर्ट कचहारी पुलिस थाना की कहानी से कौन नहीं परिचित ? आखिर जाएं तो जाएं कहां ? सभी नेताओं के पास बेनामी धन दौलत का अम्बार है। भ्रष्टाचार , काला धन के विरोध में कई आंदोलन हुये , विदेश से कालाधन वापिस लाने की बात की गई पर न तो भ्रष्टाचार , कालाधन रूका न विदेश से कालाधन वापिस आया पर इसका सहारा लेकर कई सत्ता तक पहुंच गये,। कुछ सत्ता सुख,ले रहे है तो कुछ बेनामी दौलत जांच एवं भ्रष्टाचार आरोप के चलते जेल की सजा काट रहे है। आज जो सत्ता में है , कब जेल की सलाखों में कैद हो जायेंगे, कुछ कहा नहीं जा सकता। सब सत्ता पावर का गेम है। जांच एजेंसियां जब तक स्वतंत्र कार्य नहीं करेगी, इसी तरह के हालात बने रहेंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# उड़ने का पहला शौक

डॉ. सुरेश कुमार

**वह हमारी** पहली हवाई यात्रा थी। कभी हम टिकट पर सिर झुकाए हमारी खातिरदारी के लिए उतावले महाराज को देखते थे, तो कभी वो हमें देखता था। अंदर की बात तो यह है कि न मैं उसे देखता था न वह मुझे, बल्कि दुनिया को दिखाना चाहता था कि मैं हवाई यात्रा करने जा रहा हूँ। इससे गजब रौब जमता है। ऐसा करने से गर्दन समकोण में और हम अहंकोण में पहुँचकर घमंडी होने का परमसुख प्राप्त कर सकते हैं। वैसे भी जो दिखावा न कर सके उसे हवाई यात्रा करने का अधिकार नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों की हवाई यात्रा पर बैन लगा देना चाहिए। अथवा अनागरिक घोषित कर भारी-भरकम जुमार्ना ठोक देना चाहिए। इस मामले में मेरा कोई सानी नहीं है। मैं दिखावे के सिवाय कुछ करता ही नहीं। पानी का गिलास भी होंठों से यूँ स्पर्श कराता हूँ जैसे मेरे होठों के स्पर्श से स्टील का गिलास टूट न जाए। बार-बार चश्मे की दंडी को इस तरह से हिलाता हूँ जिससे कि लोगों को पता चल जाए कि मैं बहुत बड़ा विद्वान हूँ। हवाई अड्डा तो क्या मैं शौचालय जाने तक के लिए अंग्रेजी समाचार पत्र का इस्तेमाल करता हूँ। इससे स्टेटस बढ़ता है। लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। हाथ में हिंदी समाचार पत्र हो तो समझो गए काम से। आवारा, गंवार और फिसड्डी कहलाने में देर नहीं लगती। हवाई अड्डा पहुँचते ही मन आत्मियाना (सेल्फियाना) हो उठा। झट से पॉकिट में से कटे सेब के ब्रांड वाला मोबाइल निकाला और कैमरे की फ्लैश लाइट से चौंधियाने और खिचिक-खिचिक की आवाज से खिचखिचाने तक फोटो उतरते रहे। सूरत कैमरे के लायक है या नहीं, यह मैं ठीक-ठीक नहीं बता सकता लेकिन इतना विश्वास के साथ अवश्य बता सकता हूँ कि कैमरा के फिल्टर मेरी सूरत के लिए ही बने थे। एक से बढ़कर एक तस्वीरें आयीं। इतनी बढ़िया तस्वीरें देखकर किसका मन नहीं ललचाएगा। मैं अतिम सांस गिन रहे पिता के मुख में तुलसी जल डालने में देरी कर सकता हूँ लेकिन सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करने में कतई नहीं। स्टेटस का सवाल भी तो कुछ होता है।

हवाई अड्डे जैसे स्थानों पर शरीर में डीप फ्रीजर जैसी कड़ाके की जकड़न और अकड़न होनी चाहिए। सबकी नजर हम पर और हमारी नजरे रेबन के काले-काले गॉगल्स के भीतर से मंद-मंद मुस्कुराते हुए फूले नहीं समाता है।

# बधाई हो बधाई

संजीव

**सुबह-सुबह** मोहल्ले के कचौड़ी लाल दरवाजे पर आदत अनुसार पधारे थे। उन्हें मुफ्त की खबर और मुफ्त की चाय बेहद अजीज है । उनके और पाकिस्तान के शौक एक समान है । उनकी दोनों पसंदीदा चीजें उनके खिदमत में उनके आगे परोस दी गई ।जी भर कर समाचार पत्र निचोड़ने के उपरांत और चाय का प्याला खाली करके छोडने के पश्चात बोले ---बधाई हो बधाई । तो मैंने पूछ लिया -क्या हुआ कैसी बधाई पर बधाई दे रहे हैं । तो ज्ञानियों के अंदाज में बोले -अरे हम विश्व में नंबर वन हो गए । उनकी गोल गोल अस्पष्ट बातें सुनकर खींजकर पूछ बैठे--- देश में नंबर वन होने के लिए तो बहुत सी चीजें है और अपना परचम लहराने के लिए बेताब है । बलात्कार, अपहरण, इनकाउंटर ,किसानों की आत्महत्या, फर्जी मुकदमा, रिश्वतखोरी ,बेरोजगारी , जनता की लाचारी, और भी ना जाने कितने यह सपना पाले हुए हैं कि हम पहले नंबर पर आ जाएं, लेकिन आप किसके बारे में बात कर रहे हैं?? कचौड़ी लाल ने बताया कि ---हम जनसंख्या में नंबर वन पर पहुंच गए। ईश्वर की अपरंपार कृपा से। और जनता की कृपा से। चलिए कचौड़ी लाल जी आखिर कहीं तो हमने चीन को पटखनी दे दी अब तक उसने इस पहले नंबर की उपलब्धि पर कब्जा किया हुआ था। अब आखिर कहीं तो हमारे देश को सफलता मिली। किसी मामले में तो हम नंबर वन हुए हैं। और जनता का तो विशेष रूप से आभार करना ही पड़ेगा क्योंकि पहले रेलगाड़ियों में अकेले सफर करने पर दिक्कत होती थी अब रेल की कोच भरी पूरी रहेगी तो मन लगा रहेगा। पहले साफ पीने के पानी के लिए दिक्कत रहता था और अब सबको अलग-अलग पानी के टैंकर दिए जाएंगे तो ठंडक मिलेगा । पहले सड़कों पर अकेले गाड़ी चलाने में जनता को मजा नहीं आता था और अब सड़क थोड़ा व्यस्त मिलेगी तो जनता का मनोरंजन होगा पहले सरकारी और गैर सरकारी नौकरियों के लिए कैंडिडेट नहीं मिलते थे अब कम से कम सरकार के पास यह सुविधा रहेगी। चलिए आपको भी बधाई जनता ने तरक्की कर ली। कचौड़ी लाल ---मुझे तो इस बात का डर है कि कहीं इस पर भी जांच ना बैठा दी जाए कि आखिर नंबर वन हुआ तो हुआ किसके सहयोग से और कल को क्या पता कोई नेता यह भी कहने लगे भाइयों एवं बहनों देश को नंबर वन पहुंचाने में हमारी पार्टी का अथक परिश्रम लगा हुआ है । जिसका परिणाम आपके सामने है और हम इसी प्रकार देश को नंबर वन पहुंचाते रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### संत निरंकारी मिशन द्वारा विश्वव्यापी रक्तदान श्रृंखलाओं का आयोजन आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मानवता के** मसीहा बाबा गुरुबचन सिंह जी की पावन स्मृति में 24 अप्रैल का दिन सम्पूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविरों के आयोजन से मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याणार्थ हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भारतवर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों सहित देश की राजधानी दिल्ली में रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी रक्तदाता स्वेच्छापूर्वक सम्मलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे। संत निरंकारी मंडल करनाल जोन के जोनल इंचार्ज संतीश हंस जी ने बताया कि झ्युग प्रवर्तक बाबा गुरुबचन सिंह जी ने सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया। साथ ही समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी आयोजनों को क्रियान्वित किया, जिनमें सादा शादियां, नशामुक्ति एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया। समाज में व्याप्त कुरीतियों के उस दौर के उपरांत बाबा हरदेव सिंह जी के प्रेरक संदेश झरक्त नाडियों में बहे, ना कि नालियों मेंझ द्वारा सभी श्रद्धालुओं को एक नई सकारात्मक दिशा मिली। उसी प्रेरक संदेश को प्रत्येक निरंकारी भक्त मानवता के उपकार हेतु निरंतर उसे जीवंत रूप में अपनाकर लोककल्याणार्थ हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। संतीश हंस जी ने बताया कि यह महाअभियान देशभर में स्थापित संत निरंकारी मिशन के 99 जोन की लगभग सभी ब्रांचों में आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत करनाल जोन में 24 अप्रैल को सांय 4 बजे रेलवे रोड स्तिथ निरंकारी भवन में आयोजित होगा। इस रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं हेतु जलपान की समुचित प्रबंध व्यवस्था भी की जा रही है। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहित करने हेतु इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी और नागरिक अस्पताल एवं राजकीय कल्पना चावला कॉलेज एंड हॉस्पिटल से योग्य एवं प्रशिक्षित टीम आएंगी। उन्होंने बताया कि इसी आयोजन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें डॉक्टर आशुतोश मित्तल एवं उनकी तीन द्वारा नेत्र जांच की जाएगी। निश्चित रूप में लोक कल्याण हेतु चलाया जा रहा यह महाअभियान निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की सेवा प्रदत्त शिक्षाओं को दशार्ते हुए एकत्व एवं मानवता का दिव्य संदेश प्रेषित कर रहा है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'जाने-अंजाने में हुई गलती की जानकारी छिपाएं नहीं'

### युवा पीढ़ी को अपराध से दूर रखने के लिए चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान, अब तक 20 जिले किए कवर, घरौंडा स्थित पार्थ पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा राज्य** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपराध से दूर रखने के लिए (विशेषकर लड़कियों एवं महिलाओं) आयोग द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और अब तक 20 जिले कवर हो चुके हैं, शेष दो जिलों में भी जल्द ही कार्यक्रम आयोजित करके स्कूल व कॉलेज के युवाओं को कानूनी अधिकारों तथा उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि अगर जिन्दगी में उनसे जाने-अन्जाने में एक बार गलती हो जाए, उसे बार-बार न दोहराएं, बल्कि पहली बार में ही उस गलती की जानकारी अपने माता-पिता, शिक्षक एवं मित्रों को जरूर दें, ताकि युवा पीढ़ी अपराध की दलदल में न फंसे।

चेयरपर्सन रेनू भाटिया शनिवार को घरौंडा स्थित पार्थ पब्लिक स्कूल में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर



कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम को भारत की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर एवं पांडुचेरी की पूर्व राज्यपाल किरण बेदी ने वर्चुअल तौर पर उपस्थित महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं को उनके अधिकार को लेकर जागरूक किया और कहा कि अपनी आत्म रक्षा के लिए स्वयं को इतना मजबूत बनाएं कि उन्हें किसी के सहारे की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी साईबर क्राईम के कारण ऐसी गलती कर बैठते हैं जिससे वे अपराधों में फंसते चले जाते हैं, इससे दूर रहने की जरूरत है।

महिला आयोग हरियाणा की चेयरपर्सन ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों पर नजर रखें, उनसे मित्रता का व्यवहार बनाएं ताकि वे हर बात अपने मां-बाप के साथ सांझा कर सकें। अगर इस प्रकार का वातावरण बच्चों को मिलेगा तो वे दूसरे लोगों पर विश्वास कम करेंगे और अपराध से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग का फर्ज है कि वे युवा पीढ़ी को पहले से ही जागरूक किया ताकि वे भावानात्मक तरीके से दूसरे लोगों पर भरोसा कम करें और गलत लोग उनका नाजायज फायदा न उठा सके। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा अब छठी कक्षा से ऊपर के बच्चों को अवेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेशभर में 100 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जब से उन्होंने महिला आयोग में चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला है तब से लेकर अब तक उनके पास 2246 केस आएं हैं उनमें से 1700 से अधिक केसों का निपटारा आयोग द्वारा किया जा चुका है। शेष केस न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण लंबित हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि अगर युवा पीढ़ी उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से जितने अधिक युवा जागरूक होंगे, विशेषकर छात्राएं इससे एक नहीं चार-चार अपराधों पर रोक लगेगी। उन्होंने महिलाओं से अपील कि वे कानून का सहारा लेकर किसी बेगुनाह पर झूठा दोष न लगाएं, अगर वास्तव में उनके साथ कहीं पर गलत होता है तो ऐसी सूरत में दोषी को बख्शा न जाए। आयोग उनकी पूरी मदद करेगा। कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एडवोकेट दीपा ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया और उनको कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है, यदि कहीं उनके साथ उत्पीडन होता है तो उसकी सूचना तुरंत महिला थाने में दें, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

भारत के संविधान में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक प्रकार के अधिकारों का वर्णन है। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है, निडर होकर अपनी आवाज को बुलंद करें। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुग्ध किया।

## योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग और प्राणायाम का सत्र लिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा ग्रीन बेल्ट सेक्टर 13 में मिशन के संस्थापक योग गुरु




दिनेश गुलाटी ने योग और प्राणायाम का सत्र लिया। उन्होंने साधकों को प्राणायाम करवाते हुए प्राणायाम के लाभ बताए। कक्षा में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। सत्र के आरंभ में दिनेश गुलाटी ने विभिन्न योगिक क्रियाएं, आसन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। तत्पश्चात उन्होंने साधकों को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्राणायाम द्वारा श्वासों को नियंत्रित किया जाता है और नियमित रूप से अभ्यास करने से कई तरह की बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। इस दौरान कपालभाति प्राणायाम के विषय में उन्होंने कहा कि यह प्राणायाम किडनी और फेफड़ों सहित कई तरह की बीमारियों को खत्म करता है। रक्त के परिसंचरण में सुधार होने से शारीरिक उपचार में सहायक है।

## एमकॉम फाइनल के दीपांशु शर्मा ने लॉन्ग जंप में जीता प्रथम पुरस्कार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गुरू नानक** खालसा कालेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें एमकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थी दीपांशु शर्मा ने लोंग जंप प्रतियोगिता में प्रथम व 100 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह व स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. देवी भूषण ने दीपांशु शर्मा को प्रथम स्थान हासिल करने पर शुभकामनाएं दी। दीपांशु शर्मा ने बताया कि वह तीन बार



इंटर कॉलेज क्रिकेट में स्टेट प्लेयर रह चुके हैं। इस दौरान वह आईपीएल स्तर के खिलाडियों से भी मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि वह बीते 5 सालों में करीब 20 नेशनल लेवल की क्विज प्रतियोगिता भी जीत चके हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं, इसलिए हमारी पढाई के साथ-साथ खेलो में भी रुचि होनी चाहिए और जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## हादसे में दो नेपाली युवकों की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नेशनल** हाईवे स्थित ताऊ देवी लाल चौक के पास स्कूटी सवार तीन युवकों को वीडियो बनाना महंगा पड़ गया। युवक चलती स्कूटी पर वीडियो बना रहे थे। इस दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल निवासी 21 वर्षीय रविन्द्र, 20 वर्षीय गजेंद्र व विनोद होटल में काम करते थे। तीनों स्कूटी पर सवार होकर नमस्ते चौक पर किसी काम के लिए जा रहे थे।

## घरौंडा में संदिग्ध हालत में विवाहिता ने लगाया फंदा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**कस्बा** घरौंडा में एक विवाहिता ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका राधा पत्नी मुकेश कुमार की शादी 2013 में हुई थी। राधा फरीदाबाद की रहने वाली थी। इनके दो बच्चे हैं। जिसमें से एक पहली क्लास में पढ़ता है तो छोटा बच्चा एलकेजी में है। पति मुकेश नेस्ले कम्पनी में ड्राइवर की जॉब



करता है। मुकेश के माँ-बाप दूसरे मकान में रहते है।

शनिवार को दोनों बच्चे स्कूल में गए हुए थे और मुकेश अपनी ड्यूटी पर। राधा घर मे अकेली थी। मुकेश के पिता प्रेम सिंह ने बताया है कि वह दोनों बच्चों को स्कूल से लेकर घर आया था। तो राधा अपने कमरे में फंदे से लटकी मिली।

## शनिवार को करनाल में मिले कोरोना के 33 नए केस: डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**सिविल** सर्जन डॉ.योगेश कुमार ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना के 33 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 15 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1085262 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 251 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50463 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49606 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 254 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## अर्बन लोकल बॉडी के पोर्टल पर निगम ने की 22 साईट लाइव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नगर निगम** करनाल ने शहरी स्थानीय निकाय के पोर्टल पर विज्ञापन की 22 साईट लाईव कर दी हैं। इच्छुक व्यक्ति या एजेंसी ह्वद्घ.श्चह्लशद्धद्गष्ह्ल२४७.द्बठ्ठ पोर्टल पर एक या एक से अधिक साईट भर सकता है। वार्षिक रेट की कुल राशि का 10 प्रतिशत ईएमडी यानि बयाना के रूप में भरना होगा। सफल बोलीदाता को रेट का एक चौथाई भाग अग्रिम रूप में जमा करवाना होगा, शेष राशि तिमाही आधार पर चुक्ता करनी होगी। विज्ञापन प्रदर्शन करने के लिए जगह एक वर्ष के लिए दी जाएगी। जो पार्टियां बोली में असफल रहेंगी, वे अपनी ईएमडी वापिस ले सकती हैं। लेकिन सारी प्रक्रिया ऑनलाईन ही पूरी करनी होगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि पोर्टल पर अपनी पसंद की विज्ञापन साईट लेने के लिए 3 मई अंतिम तिथि रखी गई है, जो सांय 5 बजे तक ओपन रहेगी। इसके पश्चात 4 से 5 मई यानि दो दिन साईटों की ऑक्शन की जाएगी, जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसी को साईट मिलेगी। उन्होंने बताया कि लोकेशन के हिसाब से साईटों के रेट भी अलग-अलग हैं। व्यक्ति या एजेंसी अपना विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्वयं भी लगा सकते हैं और ठेका अवधि के अंदर जब चाहें उसे



उतार भी सकते हैं।

निगमायुक्त ने बताया कि विज्ञापनों से नगर निगम की आय में इजाफा होगा। उचित जगहों पर ही अधिकृत विज्ञापन प्रदर्शित होंगे। डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट का उल्लंघन भी नहीं होगा। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि वैसे शहर में निगम की विज्ञापन साईटें 100 से अधिक हैं, फिलहाल 22 लाईव कर दी गई हैं, शेष को भी जल्द लाईव कर दिया जाएगा। लेकिन अवैध रूप से बिना अनुमति के विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति किसी को नहीं होगी। जो भी व्यक्ति ऐसा करेगा, नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम उसका विज्ञापन उतार देगी और ऐसे विज्ञापन को अवैध माना जाएगा। दोषी व्यक्ति के विरूद्ध द हरियाणा म्यूनिसिपल एडवरटाईजमेंट बायलॉज 2022 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## चोर 30 हजार कैश समेत लाखों का सामान लेकर हुए फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**कुंजपुरा रोड** स्थित एक सेनेटरी की दुकान से अज्ञात चोर कैश और लाखों रुपए का सामान चुराकर फरार हो गए। चोर छत के रास्ते दरवाजा तोडकर अंदर दाखिल हुए। मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को दी गई है। प्रीतमपुरा निवासी संजय ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपनी दुकान को बंद करके घर गया था। शनिवार सुबह जब वह साढ़े 8 बजे दुकान पर आया तो बाहर से दुकान के शटर पर लॉक लगे हुए थे। जब वह दुकान के अंदर



गया तो सारा सामान बिखरा हुआ था।

संजय ने बताया कि जब उसने दुकान में बिखरा सामान देखा और के डिब्बे खाली दिखे तो वह छत की तरफ गया। जहां पर छत का दरवाजा टूटा हुआ था। छत पर टिन का दरवाजा लगा हुआ था। उसे तोडुकर चोर दुकान के अंदर आए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकानदार के अनुसार उसकी दुकान से 220 टोंटियों के डिब्बे, हर डिब्बे में 2 टोंटियां थी। जिसमें एक टोंटी की कीमत करीब एक हजार रुपए है। वहीं 2 स्टील की सिंक, हॉल के ढक्कन चोरी थे। चोर उसके गल्ले को तोडकर उससे 30 हजार रुपए भी निकाल ले गए। कल शाम को ही ग्राहक ने उसे यह पेमेंट दी थी, जिसे वह गल्ले में रखकर ही घर चला गया था। दुकान में चोरी होने से उसका करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## गांव अराइपुरा रोड पर हुई दो बाइकों की भिड़ंत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव** अराईपुरा रोड पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। एक बाइक चालक ने संतुलन खो दिया और वह सडक पर जा गिरा। पीछे से आ रहे है ट्रक ने उसे कुचल दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण गुस्सा फूट गया और उन्होंने रोड जाम कर दिया। मामले को बढ़ता देख थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेज दिया। बीती रात करीब साढ़े 11 बजे कालरम गांव का जगपाल अपनी बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। जगदंबा राइस मिल के पास उसकी बाइक व दूसरी बाइक में टक्कर हो गई और संतुलन बिगड? की वजह से वह सडक पर जा गिरा और पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बसताड़ा टोल बचाने के चक्कर में भारी वाहन कालरम गांव से निकलकर जाते हैं और इतनी तेज रफ्तार में होते है कि हादसों का कारण बनते है। इससे पहले भी कई जाने जा चुकी हैं, लेकिन ऐसे वाहनों की रोक टोक पर कोई लगाम नहीं लगाई गई।

## किसान फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से करें प्रबंधन: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**उपायुक्त** अनीश यादव ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 6 लाख 85 हजार 788 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गेंहू की खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया गया। गत दिवस तक जिला में करीब 6 लाख 85 हजार 788 मीट्रिक टन गेंहू मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 94 हजार 382 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 50 हजार 438 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 40 हजार 968 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से प्रबंधन करें।

### महामहिम राष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिले में धारा-144 के तहत आदेश जारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिलाधीश** अनीश यादव ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु एवं हरियाणा के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के करनाल दौरे के दौरान जिला में उनकी सुरक्षा के मद्देनजर दण्ड प्रकिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों में कहा गया है कि जिस स्थान पर महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल व मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रहेगा, उसके ,स्र किलोमीटर के दायरे के अन्दर 24 अप्रैल को रेड जोन घोषित किया गया है, जिसमें कोई भी मानव रहित उडने वाला वाहन (ड्रोन इत्यादि) के उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

# धूमधाम से मनाया गया चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल का जन्मदिन













**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली पेरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ प्रदीप अग्रवाल का 46 वाँ जन्मदिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

आम आदमी पार्टी के उभरते युवा नेताओं में प्रदीप अग्रवाल का नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है।

धीरपुर वार्ड से निगम पार्षद नेहा अग्रवाल के पति होने के अलावा पार्टी की तरफ से भी डॉ प्रदीप कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेवारियों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।

आदर्श नगर विधानसभा के केवल पार्क स्थित सोमानी टाइल्स शोरूम पर आदर्श रसोई की पूरी टीम ने डॉ प्रदीप अग्रवाल का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा सहित आदर्श रसोई के 30 से अधिक सदस्य, केवल पार्क एसोसिएशन के प्रधान अरविंद मूलचंद सहित अन्य प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

**8 धीरपुर वार्ड से निगम पार्षद नेहा अग्रवाल के पति होने के अलावा पार्टी की तरफ से भी डॉ प्रदीप कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेवारियों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं**



इनमें चेयरमैन मोहन गर्ग, संयोजक रवि भारद्वाज, वाईस चेयरमैन राम लाल उनियल, संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा, उपप्रधान सतपाल सेतिया, उपप्रधान राजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, मेरठ वाला स्वीट्स के मालिक मनोज अग्रवाल, महासचिव पम्मी मल्होत्रा, राकेश बिंदल, दिनेश तंवर, सचिव विवेक तोमर, करण शर्मा, गौरव सोलंकी, सचिव दीपक गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर:** डॉ. प्रदीप अग्रवाल समाजसेवी व्यक्ति हैं और हर किसी के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। ईश्वर डॉ. प्रदीप अग्रवाल को लंबी उम्र प्रदान करें और इसी तरह लोगों की सेवा करते रहे। एक बार फिर से डॉ. प्रदीप अग्रवाल जी को जन्मदिन की बधाई देता हूं।



**डॉ. प्रदीप अग्रवाल, चेयरमैन, पेरामेडिकल बोर्ड, दिल्ली सरकार:** मेरे जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए सभी का दिल की गहराईयों से धन्यवाद प्रकट करता हूं और जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उनका दिल्ली की गहराईयों से विशेष धन्यवाद देता हूं।



**मोहन गर्ग, चेयरमैन, आदर्श रसोई:** डॉ. प्रदीप अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई। ईश्वर उन्हें दीर्घायु दे और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। डॉ. प्रदीप अग्रवाल हर किसी के साथ खड़े रहते हैं, यहीं कारण है कि आज समाज के हर क्षेत्र के लोग उनको बधाई देने के लिए उमड़ रहे हैं।



**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया दैनिक:** डॉ. प्रदीप अग्रवाल को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। मैं प्रदीप अग्रवाल की दीघार्यु और स्वस्थ्य जीवन की कामना करता हूं। प्रदीप अग्रवाल हमेशा ही सेवा के क्षेत्र में आगे रहते है और गरीबों की मदद करते है।



**अरविंद मूलचंद, प्रधान, आरडब्ल्यूए केवल पार्क:** डॉ. प्रदीप अग्रवाल को भगवान दीर्घायु प्रदान करें और उत्तम स्वास्थ्य दे। डॉ. प्रदीप अग्रवाल हर वक्त गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे रहते है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे है।

# वजीरपुर: पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड** नंबर-66 की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने अधिकारियों के साथ वार्ड का दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों से समस्या का जल्द ही निवारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र का दौरा किया गया है और जो भी लोगों की समस्याएं थी उनका समाधान किया जायेगा। ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-18 जहांगीर पुरी के श्रद्धानंद कॉलोनी स्थित एच ब्लॉक में पानी की नई पाईपलाइन के उद्घाटन समारोह के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा व रमेश शर्मा व अन्य

## जल्द ही रुपये में होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार: पीयूष गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि कारोबारी जल्द ही रुपये में विदेशी व्यापार का निपटान कर सकेंगे। गोयल ने कहा कि विभिन्न देशों के कई बैंक भारतीय बैंकों के साथ विशेष वोस्ट्रो खाते खोल रहे हैं। पीयूष गोयल ने शनिवार को कपास मूल्य श्रृंखला की पहल की समीक्षा के लिए गुजरात के राजकोट में आयोजित कपड़ा सलाहकार समूह (टीएजी) के साथ छठी संवाद बैठक के बाद यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। गोयल ने कहा कि हम जल्द ही कई देशों के साथ रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार होते हुए देखेंगे। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ब्रिटेन, सिंगापुर और न्यूजीलैंड सहित 18 देशों के संबंधित बैंकों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) खोलने के 60 अनुरोधों को मंजूरी दी है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मुद्दे पर विभिन्न देशों में अपने समकक्षों के साथ चर्चा कर रहा है।

गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा जैसे विकसित क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत उन्नत चरणों में है।



जिला केशवपुरम भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल कार्यकर्ताओं को सरल ऐप के बारे में जागरूक करते हुए।

# नरेला में परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के नरेला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले होलम्बी वार्ड के सैक्टर ए-5 पॉकेट-8 नियर संडे बाजार के पास परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

**शोभा यात्रा का समापन पंजाबी कॉलोनी पर हुआ:** शोभा यात्रा की शुरूआत सैक्टर ए-5 पॉकेट-8 नियर संडेबाजार के पास हुआ और यह शोभा यात्रा बुध बाजार रोड़, राजा हरिशचंद रोड़ से होते हुए बी-4 पंजाबी कॉलोनी में पर जाकर सम्पन्न हुई।

**लोगों ने किया शोभा यात्रा का स्वागत:** जहां से भी यह शोभा यात्रा निकली, वहां के लोगों ने भव्य रूप में शोभा यात्रा का स्वागत किया।

**कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने आयोजको के कार्यो को सराहा:** कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की। यह यात्रा श्रीश्री1008 श्री शिव शक्ति मंदिर के अध्यक्ष सागर यादव की अगुवाई में निकाली गई।

**ये लोग रहे मौजूद:** व्यवस्थापक और अध्यक्ष सागर यादव, धीरज राजपूत, मुन्ना, रोशन, रामबिरच पासवान, विश्वनाथ सिंह, प्रेम पंडित, मंदीप सिंह बजरंगदल, अशोक सिंह, विजय कुशवाहा, राजेश जैन, काका, अंकित सिंह, राकेश, गोकुल कुमार प्रवीन, रोहित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छात्रों का गुरुकुल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया



**8 एनडीए में गुरुकुल के 11 छात्रों का चयन हुआ है जिनमें से 5 छात्र अपने अभिभावकों के साथ शनिवार को गुरुकुल पहुंचे**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**एनडीए** में ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों का गुरुकुल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। एनडीए में गुरुकुल के 11 छात्रों का चयन हुआ है जिनमें से 5 छात्र अपने अभिभावकों के साथ शनिवार को गुरुकुल पहुंचे। इनमें आल इंडिया में 5वीं रैंक हासिल करने वाले आयुष कुमार, 22वीं रैंक हासिल करने वाले दीपक भारद्वाज, लव मलिक, विशाल कुंडू और विनय कुमार शामिल रहे। सभी छात्रों व उनके अभिभावको का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। आयुष कुमार को ढोल-धमाकों के साथ घोड़े पर सवार करके एनडीए विंग तक ले जाया गया। छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को भी गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक कर्नल अरुण दत्ता, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, जितेन्द्र अहलावत ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। निदेशक कर्नल दत्ता ने एनडीए में सेलेक्ट हुए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पुरानी सोच को परिवर्तित करते हुए देश के दुश्मनों का खात्मा करने की नई सोच विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि मैं देश के लिए कुर्बान हो जाऊंगा के बदले मैं देश के लिए शहीद होने का मौका दुश्मन को दूंगा और दुश्मन के माथे पर गोली मारकर अपने देश की रक्षा करूंगा ऐसी सोच विकसित करनी होगी। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य, गुरुकुल के मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, सूबेदार एस.के. मोहन्ती, सूबेदार बलवान सिंह, प्रकाश जोशी, सूबेदार रविंद्र कौशिक सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बता दें कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 11 छात्रों का एनडीए में सेलेक्शन हुआ है जो 1 जुलाई से शुरू हो रहे 150वें कोर्स में शामिल होंगे। जेनेसिस क्लासिज की ओर से 5वीं रैंक हासिल करने वाले आयुष कुमार को 11 हजार तथा अन्य सभी छात्रों को 5100-5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एनडीए में सफल हुए सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत व गुरुकुल प्रबंधन समिति को दिया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर नगर में निकाली गई प्रभात फेरी



**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा/ एक्शन इंडिया**
**नारनौल।** शहर के सामाजिक संस्था श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी शहर के मोहल्ला फ्रांसखाना स्थित शांडिल्य के मंदिर से शुरू हुई जहां सर्वप्रथम आचार्य क्रांति निर्मल, आचार्य बजरंग शास्त्री तथा मनीष शास्त्री ने भगवान परशुराम का पूजन व आरती करवाई। प्रभात फेरी मोहल्ला फ्रांसखाना से शुरू होकर बजाजा बाजार, नलापुर, चांदुवाड़ा, पुरानी कचेहरी, महावीर मार्ग, मिश्रवाड़ा, संघीवाड़ा तथा देवस्थान होते हुए गौड़ सभा में जाकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में ब्राह्मण समाज के पुरूष व महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रभात फेरी में भगवान परशुराम के जयकारों तथा भजनों के साथ हाथों में निशान लेकर सभी झूमते नाचते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी का शहर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। प्रभात फेरी समापन्न के बाद गौड़ ब्राह्मण सभा में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम शारदा संस्कृत म?हाविद्यालय के आचार्य देवदत्त शास्त्री के सानिध्य में उनके शिष्यों आचार्य कांति निर्मल, आचार्य बजरंग शास्त्री, मनीष शास्त्री, दीपक शास्त्री, विवेक शास्त्री, अंकित शास्त्री, ह??र्षित शास्त्री, मनोज शास्त्री, भपेश शास्त्री, मदनलाल शास्त्री, हिमांशु व दिव्यांश ने पुरूष सूक्त के 16 वेद मंत्रों से गौड़ सभा के प्रधान राकेश महेता एडवोकेट से भगवान परशुराम का पूजन करवाया। हवन में पूर्व प्रधान एवं एग्रो के पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, पंडित गजानंद कौशिक, शिव कुमार मेहता व अर्जून लाल एडवोकेट ने भी शिरकत की। पूजन के बाद सभी आचार्यों द्वारा विधिविधान के साथ हवन करवाया गया जिसमें मुख्य यजमान मनीष निर्मल, धीरज गौतम तथा दीपक शांडिल्य ने सपत्नीक हवन में आहुति डाली। इस मौके पर आचार्य देवदत्त शास्त्री ने बताया कि किसी भी उत्सव में हवन का बड़ा महत्व होता है । उन्होंने कहा कि हवन से जहां देवता प्रसंन होते है वहीं वातावरण भी शुध्द होता है। हवन के बाद आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर पहली बार नगर में निकाली गई प्रभात फेरी बड़ी ही ऐतिहासिक रही। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सभी के लिए आदर्श है इसलिए ब्राह्मण समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी इस प्रभात फेरी में भाग लिया। गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महेता एडवोकेट ने प्रभात फेरी व हवन में पहुंचे सभी लोगों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौड़ ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्वस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसमें आज प्रभात फेरी व हवन हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी की महा आरती का आयोजन

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल। वैशाख** शुक्ल पक्ष एकम तिथि वार शुक्रवार को शाम 7:15 बजे महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी जी की महा आरती का आयोजन अग्रवाल सभा भवन स्थित महाराजा अग्रसेन दरबार में किया गया । उपरोक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद गर्ग ने बताया कि सर्वप्रथम प्रदेश मंत्री बजरंग लाल अग्रवाल ने माल्यार्पण एवं जिला संरक्षक सतनारायण गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विशेष रुप से उपस्थित विनय कुमार गोयल एडवोकेट एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के आह्वान पर पूरे भारतवर्ष में किए जाते हैं। प्रदेश मंत्री बजरंग लाल अग्रवाल ने उपस्थित अग्रवाल बंधुओं को आह्वान किया कि वह अपने परिवार में शादी समारोह में जिस प्रकार मिलनी का प्रचलन है उसी अनुरूप सर्वप्रथम महाराज अग्रसेन के नाम की मिलनी ली जाए। महाराज अग्रसेन कुल प्रवर्तक थे । जिलाध्यक्ष प्रवीण बंसल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कहां की ऐसे आयोजनों में समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आज के इस आयोजन में हेमंत गुप्ता, कालू चौधरी, शंकरलाल दवाई वाले, ओम प्रकाश बिहार वाले, दीपक ड्रोलिया, ओम प्रकाश सिंगल, जितेंद्र कंछल, जीतू, सत्यनारायण चौधरी, भाजपा नेता सुदर्शन बंसल, मनीष पायल ,श्याम सुंदर बंसल, विनय कुमार गोयल, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, हीरालाल मित्तल, महिला कार्यकारिणी राजबाला गर्ग, अग्रवाल सभा मैनेजर सहित काफी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।

### समाजसेवी संदीप गर्ग ने गांव डूडा में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ मनाया ईद पर्व

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा के गांव डूडा में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ ईद पर्व मनाने के लिए पहुंचे। समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद पर्व की बधाई दी और कहा कि मुस्लिम समाज का यह बहुत बड़ा पर्व होता है और पूरे देश भर में मुस्लिम समाज के लोग ईद पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन खीर आदि बैठकर वह एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद देते हैं। उन्होंने कहा कि ईद से पहले मुस्लिम समाज के लोग 30 दिन तक रोजा रखते हैं और ईद का से पहले रात्रि में जब चांद दिखाई देता है तब उसे अगले दिन ईद पर्व मनाते हैं सुबह के समय नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद आदि में जाकर जाते हैं। वहीं सरपंच प्रतिनिधि गुलफान ने समाजसेवी संदीप गर्ग का जोरदार स्वागत किया और कहा कि संदीप गर्ग 36 बिरादरी के नेता है। हम सभी को मिलकर इनका साथ देना चाहिए। क्योंकि यह समाज हित के कार्यो में लगे हुए हैं। मौके पर दीपक कुमार, मानी, राजवान, जमीर, सलमान, खुर्शीद, बंटी, फरहान, मोबिन, नसीब आदि मौजूद थे।

### एनआईटी कुरुक्षेत्र में "अणु और सामग्री प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )रसायन** विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा "अणु और सामग्री प्रौद्योगिकीह्व विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
सम्मेलन के उद्घाटन के बाद तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले तकनीकी सत्र में डॉ. डी. श्रीनिवास, आईआईटी कानपुर, प्रो. देवेंद्र कुमार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार, डॉ. गुरमीत सिंह, आईओसीएल फरीदाबाद, डॉ. सिम्पलिस कौडिजिना, बेनिन गणराज्य, डॉ. अप्पाराव द्रक्षरापू, आईआईटी कानपुर और डॉ. जनदीप सिंह, एलपीयू जालंधर द्वारा आमंत्रित वार्ता आयोजित हुए। शाम को सौ से अधिक युवा शोधकर्ताओं ने मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति सत्रों में अपना काम प्रस्तुत किया। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत अरकंसास टेक, रसेलविले, यू.एस.ए. के प्रो. सुभा प्रतिहार द्वारा एक विशेषज्ञ वार्ता के साथ हुई। इस तकनीकी सत्र में डॉ. धर्मराज अल्लिमुथु, आईआईटी कानपुर, प्रो. देबाशीष अधिकारी, आईआईएसईआर मोहाली, प्रो. वसुंद्रा सिंह, पीईसी चंडीगढ़, प्रो. रविशंकर, आईआईटी दिल्ली, प्रो. ओमन वर्गीस, उप्साला विश्वविद्यालय, स्वीडन और डॉ. कश्मीरी लाल, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विशेषज्ञ वार्ता भी शामिल थी। तकनीकी सत्र बहुत जानकारीपूर्ण थे और युवा शोधकताओं को सतत भविष्यवादी प्रौद्योगिकियों पर काम करने के लिए प्रेरित करते थे। इस सत्र में लगभग 120 पोस्टर और मौखिक प्रस्तुतियां भी हुई।

# एस .एस .आधुनिक पाठशाला में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में 214 मरीजों की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर एस.एस.आधुनिक पाठशाला** भोगीपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में निदान पार्क अस्पताल के चिकित्सकों ने 214 मरीजों की आंखों, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर व विभिन्न प्रकार की रूटीन जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया ताकि व स्वस्थ रह सकें। डॉक्टर रुद्रमणि ने शिविर में आए लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खानपान की वजह



से लोगों में गैस ,मोटापे, शुगर व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां हो रही है। डॉक्टर ने बताया कि जिसमें नॉर्मल शुगर व ब्लड प्रेशर की मरीज ज्यादा मिले हैं। जिनको रोग के हिसाब से परामर्श देते हुए दवा लिख दी गई। स्कूल प्रबंधक नवीन राठी ने कहा कि गांव में किसान व मजदूर वर्ग से ताल्लुक रखने वाले लोग निवास करते हैं, जो अपना इलाज महंगी फीस के वजह से अच्छे डॉक्टरों से नहीं करा पाते हैं। ऐसे में यह निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीण पार्क निदान अस्पताल के जाने-माने डॉक्टर से अपना चेकअप करवा सके। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन का शिविर के लिए आभार जताया। डाक्टरों की टीम का गांव में पहुंचने पर सरपंच सावन व स्कूल प्रबंधन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर की व्यवस्था में मुख्याध्यापिका सुमन देवी, रेणु व अन्य स्कूल स्टाफ ने सम्भाली।

# छात्र-छात्राओं ने 'पृथ्वी दिवस' पर की चित्रकारी और नाटक मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आज दिनांक 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस पर नाटक, चित्रकारी की। बच्चों द्वारा की गई चित्रकारी और नाटक में पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाई गई। यह दिवस विश्व के कई देशों में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य कारण पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखने का है। पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखने का कर्तव्य हम सबका है। हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा जो



नाटक प्रस्तुत किया गया, उसको दिखाने के पीछे भी मुख्य कारण यही रहा कि पेड़ हमारे प्राण हैं। यदि हम अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करेंगे तो पृथ्वी पर प्रदूषण बढ़ेगा और इसके बढ़ने से सभी प्राणियों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। बच्चों द्वारा की गई चित्रकारी में भी इसी बात को दर्शाया गया।

# चाइल्ड केयर इंटरनेशनल के स्कूल छात्रों ने पृथ्वी को संरक्षित करने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने कहा कि पेड़ों के ना रहने से पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा। इसी समस्या को दर्शाते हुए सातवीं कक्षा के बच्चों नेअपनी सदुंर प्रस्तुति दी। इसके बाद नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के बच्चों पृथ्वी दिवस मनाने के लिए तथा पृथ्वी को मानवीय आपदाओं से बचाने के लि अपनी प्रस्तुति के माध्यम से संदेश दिए। बच्चों ने पृथ्वी दिवस श्लोगन के माध्यम से सभी को जागरूक करनेका प्रयास है कि अपनी सुंदर कविताओं के माध्यम से केजी



कक्षा के बच्चों ने पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया । पहली कक्षा के छात्रों ने सामुहिक नृत्य के माध्यम से पृथ्वी बचाओं का ज्ञान दिया। उन्होंने समझाने का प्रयास किया कि पानी बचाना हमारे लिए इतना जरूरी है कि अगर जीना है तो पेड़ बहुत जरूरी है। तीसरी कक्षा के छात्रों ने भी पृथ्वी पर हो रहे औद्योगिक दोहन तथा प्रदूषण के कारण, लाभ हानि तथा बचाव के बारे में समझाते हुए सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी। जिसमें उन्होंनेसमझाया कि हमें पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त करना है तभी पृथ्वी पर जीवन सामान्य हो पाएगा। बच्चों द्वारा सभी लोगों को जागरूक करने के लिए शेखपुरा व कैलाना गांव में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी।

# यज्ञोपवित दीक्षा समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
यज्ञोपवीत दीक्षा समारोह के आयोजन में 25 बालकों को यज्ञोपवीत संस्कार किया गया एवं दीक्षा दी गई । यज्ञोपवीत या उपनयन संस्कारो की श्रेणी में आठवां संस्कार है जिसकी मेहता कई संस्कारों से अधिक है ।आज पाश्चात्य सभ्यता की दौड़ में शामिल युग में जबकि लोग संस्कारों को प्राय भूल बैठे हैं परंतु फिर भी किसी न किसी रूप में इन संस्कारों को जीवित रखा जा रहा है। उपनयन संस्कार प्राचीन मनीषियों ने सनातनी द्विजों के लिए इसका विधान अनिवार्य किया था।

# भारत विकास परिषद् द्वारा नव ज्योति शिक्षा सदन में हवन यज्ञ कर मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारत विकास** परिषद द्वारा शनिवार को नव ज्योति शिक्षा सदन खूबड़ू भांवर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थिओं ने परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संघ संचालक सोनीपत डा. दीपचंद गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य व परिषद् गनौर के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने की। डा. गर्ग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि दिन प्रतिदिन पर्यावरण दूषित होता जा रहा है और शुद्ध पानी की मात्रा में भी भारी कमी



हो रही है। आज के इस तकनीकी एवं मशीनी युग में मनुष्य बहुत आगे और पर्यावरण बहुत पीछे रह गया है, जो कि काफी गम्भीर समस्या पैदा हो गई है। ग्लोबल वार्मिंग जैसी भयंकर समस्या बढ़ती जा रही है। भविष्य में अगर यही हाल रहा तो यह हमारी भविष्य की पीढ़ियों के लिए खतरा हो सकता है। पृथ्वी दिवस पर वातावरण की शुद्धि के लिए विद्यालय में एक तरफ हवन यज्ञ के माध्यम से वातावरण को शुद्ध किया गया तो दूसरी तरफ पेड़ पौधे लगाकर वातावरण में हरियाली को बढ़ाया गया बच्चों को रंगोली चित्रकला के माध्यम से भी बच्चों और समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक विद्यालय में विद्यार्थियों को पेड़-पौधों की सिंचाई और खाद आदि की जिम्मेदारी उठाने व उनके संरक्षण करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिषद के पूर्व प्रधान योगेश कौशिक, हरियाणा मध्य प्रांत उपाध्यक्ष संपर्क कृष्ण जिंदल , संघ जिला व्यवस्थापक मनीषा जैन ,महिला संयोजिका निशा कौशिक, एडवोकेट अंकित त्यागी सचिव ,स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'पर्यावरण की सुरक्षा से ही मानव जीवन की रक्षा संभव'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर स्लोगन लिखकर, कविता पाठ व पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को विश्व पृथ्वी दिवस की बधाई देते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा से ही पृथ्वी सुरक्षित हो सकती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जंगल व पहाड़ों के होने से ही पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षों की हो रही अंधाधुंध कटाई ने हमारे चारों तरफ के वातावरण को मानव जीवन के लिए खतरनाक बना दिया है। ऐसे में पर्यावरण सुरक्षित बनाए रखने, वनों की सुरक्षा के अलावा बड़े पैमाने पर पौधरोपण की दिशा में हम सभी को कार्य करना होगा। सीईओ संजय जैन ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि पृथ्वी सभी जीवों की जीवनदायिनी है । हमें जल संरक्षण, पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने की आवश्यकता है । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अवगत कराना था कि पृथ्वी को प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और पानी की कमी से कैसे बचाया जा सकता है। इस अवसर पर नौनिहालों ने चार्ट पेपर पर अपने हाथों से रंग लगाकर पृथ्वी के चित्र को सजाया। पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने पृथ्वी को बचाने का संदेश देते हुए कविता पाठ किया। प्यूमा हाउस के जयंत, काव्या व वाणी कविता पाठ में पहले स्थान पर रहे। पृथ्वी दिवस पर ज्ञानवर्धक स्लोगन लिखकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जगुआर हाउस की जीविका, वेदिका, सिद्धि व यशिका कविता पाठ में अव्वल रही। विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर डिस्प्ले बोर्ड को आकर्षक ढंग से सजाया, जिसमें पैंथर और लेपर्ड हाउस की टीम ने बाजी मारी। कादंबरी, तान्या, रिया, अनन्या, इशिका, दीया और भाविका, हिताक्षी, रिशु, लतिका, यशिका व प्रांजल ने शानदार प्रदर्शन किया।

# मेयर ने परशुराम जन्मोत्सव-अक्षय तृतीया पर्व की दी बधाई

## परशुराम चौक पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान परशुराम को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ मेयर निखिल** मदान शनिवार को शहर के रोहतक फ्लाईओवर के पास बने परशुराम चौक पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया के पर्व की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि विष्णु जी के अवतार, धर्म औ? न्याय की स्थापना करने वाले, चिरंजीवी, भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज वो उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे है।



मेयर निखिल मदान ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सत्य के रास्ते पर चलकर, अन्याय के खिलाफ संघर्ष और विजय पाने का प्रतीक है। भगवान परशुराम का आशीर्वाद सभी निगम वासियों पर बना रहे ऐसी वो कामना करते हैं। साथ ही अक्षय तृतीया के मांगलिक पर्व पर माता लक्ष्मी जी और विष्णु जी का आशीर्वाद सब पर बना रहे।साथ ही सबके घरों में धन वैभव और सुख समृद्धि का वास हो ऐसी उनकी प्रार्थना है। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, निगम पार्षद नवीन तंवर, प्रवीण सैनी, अनिल नागर, सुरेश भारद्वाज, बिन्नी भारद्वाज, भले राम जांगड़ा, डॉ. राकेश, लक्ष्मीनारायण भारद्वाज, सुरेश वत्स ,जुगल ज्योति, राजेश कौशिक , राहुल शर्मा, संदीप मलिक,कुलदीप वत्स, गौरव कौशिक, अमर गौड़, रोहित हुड्डा, अनिल कुमार, दिनेश हुड्डा,अशोक खत्री,शुभम वशिष्ठ, हरेंद्र राठी, प्रिंस सरोहा, गौरव सिंगल, सुजीत गहलावत, हरेंद्र मण्डल, बिट्टू खत्री, शुभम गर्ग,सूरज अंतिल,शंकर यादव, कृष्णा चावला,प्रवीण सिसोदिया, अशोक गर्ग, रणदीप खोखर, नरेश कुमार, मनोज कुमार ऋतिक, तरुण वशिष्ठ, कृष्ण वशिष्ठ,कपिल वशिष्ठ, मोहित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम की जयंती त्यागी ब्राह्मण महासभा ने मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गुमड़ रोड** पर शनिवार को त्यागी ब्राह्मण महासभा द्वारा हवन यज्ञ किया गया और भगवान परशुराम को माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया। सभा के प्रधान महाबीर सिंह शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के विरुद्ध लड़कर धर्म की रक्षा की। भगवान परशुराम ने धर्म विरुद्ध कार्य करने वाले अत्याचारी राजाओं संहार कर धर्म की स्थापना की। पूर्व प्रत्याशी हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि पौराणिक मान्यता है कि, भगवान



परशुराम अजर अमर हैं, इसलिए उन्हें अन्य देवी-देवताओं की तरह नहीं पूजा जाता है। इस मौके पर दयानंद ठेकेदार,नरेश कौशिक, विनोद भारद्वाज, सुभाष वशिष्ठ, सुभाष जमदगनी, सुरेंद्र शर्मा,देवदत्त शर्मा,हरिप्रकाश शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' के माध्यम से रविंद्र पाल सिंह ने किया अन्न दान

## रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, मेरठ वाला स्टीट्स के मालिक मनोज अग्रवाल का भी जन्मदिन मनाया गया








### "राकेश भारद्वाज चौक" पर मेरठ वाला स्टीट्स के मालिक मनोज अग्रवाल का जन्मदिन मनाया






**'राकेश भारद्वाज चौक'** पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मेरठ वाला स्टीट्स के मालिक मनोज अग्रवाल का भी जन्मदिन मनाया।













**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। धीरे-धीरे आदर्श रसोई ने एक नया मुकाम स्थापित किया है। अब आदर्श रसोई का दूसरे वर्ष में भी प्रवेश हो चुका है।





### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने विधिवत रूप से किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) का सभी पदाधिकारियों ने भव्य अभिनंदन किया। सभी ने अपने-अपने विचार भी रखे। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक होता है। आदर्श रसोई कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले रविंद्र पाल सिंह (स्माइल)

इस विशेष मौके पर रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने **राकेश भारद्वाज चौक** पर आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को एक वर्ष पूर्ण होने को एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने कहा कि आदर्श रसोई निरंतर और नियमित रूप से **राकेश भारद्वाज चौक** पर निस्वार्थ रूप से विशेष रविवारीय कार्यक्रम का बड़े ही नायाब ढंग से आयोजन करती है, जिसके सभी कायल हैं। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं। यह आदर्श रसोई के संयुक्त प्रयास से ही सफल हो पाया है। आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। श्री स्माइल ने कहा कि मैं आदर्श रसोई के शुरूआती दिनों का साथी हूँ। आदर्श रसोई की शुरूआत करने वाले पहले 5 सदस्यों में मैं भी था। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है, जो पिछले एक वर्ष से निरंतर व नियमित रूप से आदर्श रसोई को विशेष, भव्य और रोचक बनाने के लिए प्रयासरत रही। रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने आगे कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) अपने संबोधन के दौरान पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, राकेश भारद्वाज जी को याद कर थोड़ा ठिठके और भावुक हो उठे। रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने अपने आपको संभालते हुए कहा कि राकेश भारद्वाज जी का आज हमारे बीच न होना बहुत दुखद है। सच्चे दोस्त, जिंदादिली इंसान और समाज के प्रति कुछ कर गुजरने की सोच उनको हम सबसे अलग बनाती थी। जो कुछ राकेश भारद्वाज जी ठान लेते थे उसको अमलीजामा पहनाकर ही दम लेते थे। आदर्श रसोई की नींव भी उन्हीं के सोच का नतीजा है। राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है। टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### सबके लिए प्रेरणास्त्रोत थे श्रद्धेय राकेश भारद्वाजः रविंद्र पाल सिंह

वरिष्ठ अधिवक्ता और मशहूर शायर रविंद्र पाल सिंह (स्माइल) ने कहा कि आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में उम्दा कार्य कर रही है, जिसकी कोई सानी नहीं है और आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारी प्रशंसा के पात्र हैं। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का निरंतर रूप से आयोजन हो रहा है। इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। राकेश भारद्वाज जी के विचार, आचरण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और और उनके विचार आगे भी हम सबका मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### संयुक्त प्रयास से आदर्श रसोई दूसरे वर्ष में भी स्थापित करेगी नए आयामः मोहन गर्ग

आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि आज आदर्श रसोई के कार्यों से खुश होकर लोग खुद आगे आकर रसोई का हिस्सा बन रहे। हर कोई नेक नीयत से किए गए कार्यों का हिस्सा बनना चाहता है। आदर्श रसोई के पदाधिकारियों का अभिनंदन जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से आदर्श रसोई का आयोजन कर रहे और जरूरतमंदों का भरपेट भोजन करा रहे।

### दिनोंदिन नए आयाम स्थापित कर रही है आदर्श रसोईः सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई के प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित कर चुक है। आदर्श रसोई निस्वार्थ रूप से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में भरपेट भोजन खिला कर समाज में एक चेतना को जागृत कर रही है। आदर्श रसोई की नींव समाजसेवा की भावना को ध्यान में रखकर शुरू की गई थी, जो आदर्श रसोई के पदाधिकारियों के संयुक्त प्रयास से सफल होते दिख रही है। इसके लिए सभी का दिल की गहराईयों से अभिनंदन।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।

आदर्श रसोई के पदाधिकारी परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए।

**-रविंद्र पाल सिंह (स्माइल), वरिष्ठ अधिवक्ता, मशहूर शायर**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है **-रामलाल उनियल, वाईस चेयरमैन**



आदर्श रसोई की नींव मेरे पिताजी श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और सुरेंद्र चोपड़ा जी ने रखीं थी। लक्ष्य था जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कराना। इसी लक्ष्य को निर्धारित को आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन **-रवि भारद्वाज, संयोजक**



आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। हर कोई अपने योगदान देना चाहता है। हर कोई आदर्श रसोई के कार्यक्रम में अपना योगदान देना चाहता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से अभिनंदन करता हूं। **- मोहन गर्ग, चेयरमैन**



सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। आज आदर्श रसोई के कार्यों से खुश होकर लोग खुद आगे आकर रसोई का हिस्सा बन रहे। हर कोई नेक नीयत से किए गए कार्यों का हिस्सा बनना चाहता है। **- सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई की नींव निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लक्ष्य को रखकर रखीं गई थी, यहीं कारण है कि आज भारी संख्या में लोग आदर्श रसोई से जुड़ रहे हैं। आदर्श रसोई की पूरी टीम मेहनत व शिद्दत से आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन। **-पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**

































